


# तरुण छत्तीसगढ़

**सुनालिया ज्वेलर्स**
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 266 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 26 जून 2024 डाक 27 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया


**देश-विदेश**
लोकसभा में नेता विपक्ष की क्या है ताकत ? इन अधिकारों का फायदा उठा सकेंगे राहुल गांधी


**कोरिया जिला**
1975 का आपातकाल अलोकतांत्रिक और इतिहास का काला अध्यायः मेजर अनिल सिंह


शराब घोटाले का है मामला

## सीबीआई ने कोर्ट में पेश करने के बाद केजरीवाल को किया गिरफ्तार



**नईदिल्ली, 26 जून [एजेंसी]।**

सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से गिरफ्तार किए गए केजरीवाल पर अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) शिकंजा कसने जा रही है। केजरीवाल को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और गिरफ्तारी करने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने केजरीवाल से पूछताछ की इजाजत देते हुए उन दस्तावेजों को दिखाने को कहा है जिनके आधार पर गिरफ्तारी की मांग की गई है। केजरीवाल को बुधवार सुबह तिहाड़ जेल से राउज एवेन्यू कोर्ट लाया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी अदालत पहुंचीं। केजरीवाल को स्पेशल जज अमिताभ रावत के सामने पेश किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि सीबीआई पक्षपाती तरीके से काम कर रही है। चौधरी ने दस्तावेजों की मांग करते हुए सुनवाई को गुरुवार तक टालने की मांग की। सीबीआई की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील डीपी सिंह ने कहा, हम इसे चुनाव से पहले या उस दौरान कर सकते थे, लेकिन नहीं किया। हमने इस अदालत से अनुमति ली। सीबीआई ने कोर्ट से कहा, क्या हम अपना काम नहीं करें। हम हर बार कोर्ट को सहमत करते हैं फिर भी अदालत को लेकर कुछ कहा जाता है। कानून नहीं कहता है कि मुझे उन्हें बताना होगा कि मैं कब कब जाऊंगा और जांच करूंगा। सिंह ने कहा, यही चीज के कविता के केस में भी हुई। मुझे सिर्फ कोर्ट की अनुमति चाहिए। मैं अनुमति मांग रहा हूं क्योंकि वह न्यायिक हिरासत में हैं। जांच करना है या नहीं यह मेरा अधिकार है। इस पर कोर्ट ने कहा, चूंकि आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं उन्होंने पूछताछ की इजाजत मांगी। उन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

केजरीवाल के वकील ने कहा, हमें मौका नहीं दिया गया। हम रिमांड के आवेदन पर अपना जवाब दाखिल करना चाहते हैं। यदि हम जवाब दाखिल करेंगे तो आसमान नहीं गिर पड़ेगा। इस पर सीबीआई ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 41ए नोटिस की आवश्यकता थी या नहीं इस पर बाद में विचार हो सकता है। चौधरी ने कहा, मीलॉर्ड यदि आपने गिरफ्तारी की अनुमति दी, आप अपने कंधे पर रखकर उन्हें बंदूक चलाने की अनुमति देंगे। कोर्ट ने इस पर कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि उन्हें गिरसारी को जस्टिफाई करना होगा। चौधरी ने कहा कि सीबीआई के आवेदन को मंजूर किए जाने से पहले नोटिस दिया जाए। केजरीवाल की ओर से चौधरी ने कहा, प्रभावी सुनवाई का मौका ना देना मेरे मौलिक अधिकारों से इनकार है। मुझे उचित जवाब देने का मौका दिया जाए। मैं इसे आज दाखिल कर दूंगा।

## ओम बिरला चुने गए 18वीं लोकसभा के स्पीकर ध्वनिमत से हुआ फैसला, नहीं आई वोटिंग की नौबत

**नईदिल्ली, 26 जून [एजेंसी]।**

ओम बिरला को 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। वहीं विपक्ष की ओर से के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया गया। इसके बाद ध्वनिमत से ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने का प्रस्ताव पारित हो गया।सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति नहीं बनने के बाद चुनाव की नौबत आई थी। एनडीए ने जहां पिछली लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला को उम्मीदवार बनाया था, वहीं विपक्ष ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सुरेश को मैदान में उतारा था। पांच दशक बाद यह पहला मौका है, जब वोटिंग से स्पीकर का चुनाव होने जा रहा है। इससे पहले 1952 और



1976 में लोकसभा अध्यक्ष के लिए मतदान हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह और ललन सिंह समेत अन्य सदस्यों ने भी प्रस्ताव रखा और समर्थन किया।इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने बारी-बारी से के. सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा और समर्थन किया।

सदन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सबसे पहले उन सांसदों को शपथ दिलाई गई, जिन्होंने अब तक शपथ नहीं ली थी।सबसे पहले दोनों उम्मीदवारों के प्रस्ताव रखे जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए प्रत्याशी ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखेंगे। टीएमसी के साथ ही शरद पवार गुट की एनसीपी ने अपना रुख साफ नहीं किया है। वहीं, सदन पहुंचने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अब पीछे हटने का सवाल नहीं।

## कल्लाकुरिची हूच त्रासदीः तमिलनाडु विधानसभा में हंगामा एआईएडीएमके के विधायकों को पूरे सत्र से किया गया निलंबित

**कल्लाकुरिची, 26 जून [एजेंसी]।**

तमिलनाडु विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान एआईएडीएमके के सदस्यों ने कल्लाकुरिची हूच त्रासदी के मुद्दे को लेकर सवाल किए थे। इसके कारण पहले इन सदस्यों को एक दिन के लिए निलंबित किया गया था। लेकिन बुधवार को एक बार फिर हंगामे की स्थिति उत्पन्न होने के कारण उनको विधानसभा के पूरे सत्र से ही निलंबित कर दिया गया। तमिलनाडु में कुछ दिन पहले कल्लाकुरिची में हुई जहरीली अवैध शराब त्रासदी में 58 लोगों की



जान गई थी। वहीं कई लोग अभी अस्पतालों में भर्ती हैं। इसके बाद से ही सत्ता पक्ष और विपक्ष में ठनी हुई है। विपक्ष लगातार सत्तारूढ़ पार्टी को इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

विपक्ष पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के दौरान विपक्षी एआईएडीएमके के विधायकों ने इस मुद्दे को प्रश्नकाल सत्र में उठाने की कोशिश की। सत्र में इसको लेकर जमकर नारेबाजी भी हुई। जिसके बाद एआईएडीएमके के विधायकों को सदन से बाहर निकालने का आदेश दे दिया गया। इसके बाद उन्हें प्रस्ताव पारित करके एक दिन के लिए निलंबित कर दिया।

### नकली सोने का चैन देकर हार ले गए सीसी कैमरे में कैद हुए दोनों संदिग्ध

**अंबिकापुर।** शहर के सदर रोड स्थित जगदंबा आभूषण भंडार में नकली सोने का हार थमाकर जालसाजों ने लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य का असली सोने का चैन ले लिया। सुनियोजित तरीके से आरोपितों ने नकली हार में हॉलमार्क भी लगवाया था इसलिए दुकान संचालक को संदेह नहीं हुआ। बाद में सोने की शुद्धता की जांच पर वह नकली निकला। दोनों जालसाजों का चेहरा दुकान के सीसी कैमरे में कैद हुआ है। सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

## आतिशी का हाल जानने पहुंचे अखिलेश यादव शुगर लेवल कम होने पर बिगड़ी थी तबीयत



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लोक नायक अस्पताल पहुंच कर दिल्ली की जल और शिक्षा मंत्री आतिशी का हाल जाना। उन्होंने उनके स्वास्थ्य में सुधार को लेकर चिकित्सकों से जानकारी ली। पांच दिन से अनशन पर बैठीं आतिशी की तबीयत खराब हो गई थी और उन्हें एलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजधानी दिल्ली में पानी की कमी के चलते लोग परेशान हैं। हरियाणा से पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और जल मंत्री आतिशी 21 जून को धरने पर बैठ गई थीं। वहीं, पांच दिन बाद मंगलवार को उनका शुगर का स्तर नीचे गिर गया और उन्हें एलएन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। एलएन प्रशासन की मानें तो उनका स्वास्थ्य अब स्थिर है। शुगर का स्तर ठीक हो गया है। इस बीच अखिलेश यादव उनका हालचाल जानने पहुंचे। उनके साथ आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह भी थे। अभी संसद का मानसून सत्र चल रहा है और सभी नेता राजधानी में मौजूद हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल से लगाएंगे जनता दरबार

आम लोगों की सुनेंगे समस्या तत्काल करेंगे निराकरण

**रायपुर, 26 जून [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आम लोगों से मुलाकात का कार्यक्रम जनदर्शन 27 जून से शुरू होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा। मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में जन सरोकारों की बातें होंगी। मुख्यमंत्री साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर यथोचित निराकरण करेंगे।

मुख्यमंत्री साय इसके साथ ही लोगों के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त करेंगे। जनदर्शन में लोग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सीधे मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे, वहीं मुख्यमंत्री समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करेंगे। जनदर्शन में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## रायपुर में 2 कारों की भिड़ंत में गई दो मेडिकल स्टूडेंट्स की जान, दो घायल

**रायपुर, 26 जून [एजेंसी]।**



राजधानी रायपुर में बुधवार को मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में जिंदल मोड़ के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सुबह छह बजे दो कारों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दो मेडिकल स्टूडेंट्स की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सड़क दुर्घटना में कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल रवाना किया गया। राजधानी के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में सुबह छह बजे यह सड़क दुर्घटना हुई है। बताया जा रहा है कि रिम्स में डॉक्टर की पढ़ाई करते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में जिंदल मोड़ के पास दो कारों में आपस जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। मृतक और घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। दोनों मृतक रिम्स के स्टूडेंट्स बताए जा रहे हैं, जो मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस ने शव को कब?जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 1 करोड़ के इनामी नक्सली लीडर की मौत



**जगदलपुर।** नक्सल संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर और लगभग एक करोड़ रुपए के इनामी माओवादी आनंद उर्फ सुदर्शन की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित नक्सलियों के बेस कैंप में नक्सली लीडर ने दम तोड़ा। नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर आनंद की मौत की पुष्टि की है। आनंद ताड़मेटला, रानीबोदली, टेकलगुड़म, बुरकापाल समेत की नक्सल घटनाओं की प्लानिंग में शामिल था। प्रेस नोट में लिखा है कि इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## किरण चौधरी के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

विधानसभा की सदस्यता रद्द करने के लिए स्पीकर को भेजा रिमाइंडर



**चंडीगढ़, 26 जून [एजेंसी]।**

भाजपा में शामिल तोशाम की विधायक एवं पूर्व मंत्री किरण चौधरी के खिलाफ दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस एकबार फिर विधानसभा स्पीकर के पास पहुंची है। किरण चौधरी हाल ही में भाजपा में शामिल हुई हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने के बाद किरण चौधरी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिली थी, लेकिन उन्होंने कांग्रेस के विधायक पद से अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है।किरण के भाजपा में शामिल होने के अगले दिन विधानसभा स्पीकर को पत्र लिखकर किरण चौधरी की विधानसभा से सदस्यता रद्द करने की मांग की थी।

विधानसभा स्पीकर द्वारा अभी तक किरण चौधरी, जजपा विधायक जोगी राम सिहाग और रामनिवास सुरजाखेड़ा की विधानसभा की सदस्यता रद्द करने पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। सिहाग और सुरजाखेड़ा के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जजपा ने स्पीकर को लिखकर दिया हुआ है।में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किरण चौधरी की सदस्यता रद्द कराने के लिए दोबारा स्पीकर को पत्र लिखने का संकेत दिया था। हुड्डा का कहना है कि किरण चौधरी अभी भी कांग्रेस की विधायक हैं। यदि कांग्रेस किसी मुद्दे पर कल कोई व्हिप जारी करती है तो उसे किरण चौधरी को हर हाल में मानना पड़ेगा।

### डोडा में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक दहशतगर्द हुआ ढेर

**डोडा।** सुरक्षाबलों ने जिला डोडा में अपने आतंकरोधी अभियान को जारी रखते हुए बुधवार को एक आतंकी को मार गिराया। उसके अन्य साथियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने अपना अभियान जारी रखा हुआ है। मारे गए आतंकी की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है,लेकिन उसके विदेशी होने की संभावना है।



जिला डोडा के छत्तरगला और गंदोह में ही 11 और 12 जून को आतंकियों ने सुरक्षाबलों की चौकियों पर दो हमले किए थे। इन हमलों में छह सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। संबधित अधिकारियों ने बताया कि डोडा में छिपे आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने एक अभियान चला रखा है। इसी अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी ली जा रही है। आज सुबह पता चला कि गंदोह के बजर सिन्नू इलाके में आतंकियों का एक दल देखा गया है। सुरक्षाबलों ने तुरंत सिन्नू का रुख किया। आतंकियों ने जवानों को अपने ठिकाने की तरफ आते देख उन पर फायरिंग करते हुए वहां से भागने का प्रयास किया। जवानों ने खुद को बचाते हुए जवाबी फायर किया और इसके साथ ही वहां मुठभेड़ शुरु हो गई। कुछ ही देर में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायेंः- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा




**जयपुर, 26 जून [एजेंसी]।**

राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में एक फैक्ट्री में आग लग गई। इस दौरान हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (तिजारा) शिवराज सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम को भिवाड़ी इलाके में स्थित फैक्ट्री में आग लग गई। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 घायल लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के बाद तीन और शव बरामद किए गए।सिंह ने बताया कि दो शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है तथा दो शवों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री एक दवा कंपनी की थी और खुश्केहड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## जब तक पीओके नहीं मिलेगा..., वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंचे जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कह दी ये बड़ी बात

**कटड़ा, 26 जून [एजेंसी]।**

श्री राम जन्मभूमि मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मां वैष्णो देवी के दर्शन किए और देश में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। इससे पहले कटड़ा में पत्रकारों से बात करते हुए जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटी, 35ए को खत्म किया गया, बहुत अच्छी बात है। जब तक गुलाम जम्मू-कश्मीर नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। जगद्गुरु ने कहा कि इससे पहले वह वर्ष 1996 में मां वैष्णो देवी के दर्शन करने आए थे। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दोपहर को आधार शिविर कटड़ा पहुंचे और थोड़ी देर एक निजी



होटल में विश्राम करने के उपरांत बैटरी कार से मां वैष्णो देवी के भवन के लिए रवाना हुए।

जगद्गुरु ने शाम को भवन पर मां वैष्णो देवी की दिव्य आरती में शामिल होकर आराधना की और इसके उपरांत पवित्र गुफा में माथा टेका। जगतगुरु रामभद्राचार्य रात को भवन पर ही रुकेंगे और बुधवार सुबह कटड़ा वापस आकर जम्मू के लिए रवाना हो जाएंगे। पिछले वर्ष जगतगुरु रामभद्राचार्य ने श्री अमरनाथ यात्रा कर पवित्र गुफा में माथा टेका था।

# परिवार की आर्थिक स्थिति रेखा के मजबूत इरादों के रास्ते में नहीं बन सकी रुकावट

## सपनों की मंजिल को हासिल करने के लिए पहली सीढ़ी मिली है, मेहनत से आगे सफलता करूंगी हासिलः कु. रेखा कोरवा



कोरबा। जिला प्रशासन द्वारा जिले में निवासरत संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने हेतु खनिज न्यास निधि से उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षक एवं भृत्य के रूप में नियुक्ति प्रदान करने से समुदाय के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है।

कोरबा जिले के कटघोरा की रहने वाली पहाड़ी कोरवा कुमारी रेखा को अतिथि शिक्षक के रूप में भैंसमा के शासकीय माध्यमिक स्कूल में नियुक्त किया गया है। रेखा ने अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिलने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि प्रतियोगिता के इस दौर में विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवक युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास सराहनीय है। रोजगार का जरिया मिलने से वे अपने पैरो में खड़े होकर अपने परिवार की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही अपने आने वाली पीढ़ी, बच्चों एवं अपने आस पास के लोगो को शिक्षा से जोड़कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर सकेंगे।25 वर्षीय रेखा ने बताया कि उसके परिवार में माता पिता सहित 5 सदस्य है। उनके पिता श्री दिनेश कुमार मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिवार की आय का अन्य कोई साधन नहीं होने के कारण उनका परिवार आर्थिक रूप कमजोर है। पिता की आय से परिवार का गुजारा ही हो पाती है परन्तु बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य जरूरतों को पूरा करने में दिक्कतें होती थी। रेखा ने बताया कि वह बचपन से ही पढ़ाई में काफी अच्छी थी और प्रारम्भ से ही खूब पढ़ लिखकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करना चाहती थी। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनकी स्कूली षिक्षा के बाद कॉलेज की पढ़ाई में परेशानियां आई परंतु परिवार की आर्थिक स्थिति कभी रेखा के मजबूत इरादों के रास्ते मे रुकावट नही बन सकी और रेखा ने अपनी पढ़ाई नियमित जारी रखी। रेखा ने पीजी कॉलेज कोरबा से जूलॉजी विषय में एमएससी 73 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण किया है। साथ ही वह बीएड की पढ़ाई भी कर रही है। उनके माता पिता का सपना था कि उनकी बेटी अच्छे से पढ़ लिखकर शासकीय नौकरी हासिल करें एवं अपने माता पिता का नाम गौरवान्वित करें।

रेखा ने कहा कि यह उसके उड़ान की शुरुआत है, उसे अपनी मंजिल पाने की पहली सीढ़ी विभाग द्वारा प्रदान की गई है। इससे उसे आर्थिक मजबूती मिली है, अब वह अपने एवं अपने परिजनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम होंगी। उन्होने बताया कि अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए वह अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखेगी। भविष्य में वह प्रतियोगिता परीक्षा क्वालीफाई कर सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता जैसे पद पर कार्य कर अपने परिवार का नाम रौशन करेगी साथ ही अपने समाज के लोगों में जागरूकता लाकर आगे बढ़ाने का भी प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पिछड़े जनजाति परिवार के शिक्षित युवाओं को रोजगार देकर उन्हें अपनी जीवन स्तर ऊंचा करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। किसी भी परिवार में एक सदस्य को भी नौकरी मिल जाने से वह परिवार खुशहाली के मार्ग पर आगे बढ़ जाता है। अपने निवास स्थान के पास ही नियमित आय का जरिया मिलने से पहाड़ी कोरवा व बिरहोर जनजाति समुदाय के लोगों का आर्थिक तथा सामाजिक विकास होगा और वे विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। साथ ही उन्हें अपने परिवार के पालन पोषण के लिए रोजी मजदूरी करने की आवश्यकता नही पड़ेगी। रेखा ने कहा कि शिक्षा विभाग में ही रोजगार मिलने से सभी शिक्षा से जुड़े रहेंगे, सभी की आगे की तैयारी भी चलती रहेगी। खुद जागरूक होकर अपने परिवार एवं समाज के लोगो में शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्ता को समझाकर उनकी जीवन शैली में बदलाव ला पाएंगे। जिससे पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनेंगे, साथ ही आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। रेखा ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने एवं उनके आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रदेश सरकार एवं कलेक्टर सहित जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व व पुलिस अधिकारियों की ली बैठक



कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने जिले में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन हेतु अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगगायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, सीएसपी दर्री श्री रविन्द्र कुमार, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, श्री अनुपम तिवारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। किसी भी धर्म, समाज, जाति को लेकर कोई घटना या विवाद की स्थिति बने तो इस पर पैनी नजर रखें। कलेक्टर ने जिले में घटित होने वाले छोटी-छोटी घटनाओं एवं कानून व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही नही बरतने एवं उस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी छोटी घटना बड़ा रूप न ले सके। कलेक्टर ने संवेदनशील मामलों सहित किसी भी प्रकार की धार्मिक मामलों में नजर रखकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक एवं अवैध गतिवधियों पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अवैध खनिज उत्खनन तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों को नजरअंदाज नही करके आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय बनाकर रखने तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सभी एक टीम के रूप में एक-दूसरे को सहयोग करेंगे तभी समस्याओं का समाधान जल्दी होगा। साथ ही सभी अधिकारियों को आम जनता से सतत संपर्क बनाए रखने की बात कही। जिससे आम जनता के बीच प्रशासन की विश्वसनीयता बनी रहे।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कहा कि सभी अधिकारी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर सतर्कता से नजर बनाए रखें। साथ ही असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले व्यक्तियों का भी पहचान कर उनकी जानकारी एकत्र करे। एसपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर आम जनता के साथ अधिकारियों का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इस हेतु आमजनों की शिकायतों व समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर निराकृत करें। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी असामाजिक गतिविधि पर विशेष ध्यान देने की बात कही। श्री तिवारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की असंवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाना सभी अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है। इस हेतु सभी अधिकारी अपने सूचना तंत्र को सक्रिय एवं मजबूत बनाए रखें। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीओपी तथा तहसीलदार, थाना प्रभारी को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की बात कही। जिससे किसी भी घटना एवं चुनौती का सामना करने में आसानी हो।

# लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया सम्मान







कोरबा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्मान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने विभिन्न विभागों के कुल 79 अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन में सौंपें गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन हेतु धन्यवाद देते हुए प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मिले सहयोग के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही जिले में निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया है।इस कड़ी में जनसंपर्क विभाग के सहायक सूचना अधिकारी श्री सुरजीत चौहान, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी जिला पंचायत श्री मनोज रजक, पूर्व जिला समन्वयक बसंत कुमार को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा चुनाव संबंधी प्रत्येक गतिविधियों को समाज के सामने प्रेस/मीडिया सोशल मीडिया में सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करने में भूमिका निभाने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चुनाव से संबंधित समाचारों का प्रमुखता से प्रकाशन, बैठकों/निरीक्षणों का कव्हरेज, मतदाता जागरूकता गतिविधियों, पेड न्यूज का चिन्हांकन सहित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया में चलने वाली भ्रमित खबरों पर नजर रखने हेतु मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति में नियोजित भागवत प्रसाद साहू, कुलदीप कुमार रात्रे, श्री प्रतीक कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।इसी प्रकार निर्वाचन शाखा के निर्वाचन पर्यवेक्षक दीनदयाल भारद्वाज, सहायक प्रोग्रामर श्री शीतल अग्रवाल, सहायक ग्रेड-02 श्री प्रशांत दत्ता, श्री रामनिवास साहू, श्री शेख रिजवान, सहायक ग्रेड-03 द्रुपद चन्द्र, राजेश शुक्ला, श्री प्रशांत देवांगन,डाटा एंट्री ऑपरेटर मत्रेश शर्मा, भृत्य पिताम्बर पटेल, श्री प्यारेलाल कंवर, श्री फूलसिंह कंवर, चमरू राठिया, खेमराज कंवर,नंदनी सौसेरा, मनोज तंबोली, विनोद यादव, ननकीराम साहू शामिल हैं। रामपुर विधानसभा के लिए नियोजित डाटा एंट्री ऑपरेटर भूपेन्द्र कुमार पोर्ते, सहायक ग्रेड-02 राजकुमार कंवर, विधानसभा कोरबा के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटरकुश कुमार देवांगन, भृत्य श्री शिवमंगल साहू, कटघोरा विधानसभा के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री गोपाल प्रसाद आदित्य, पाली-तानाखार विधानसभा के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री मनोहर लाल सोरठे, श्रीमती अष्वनी किरण को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। स्वीप गतिविधि एवं निर्वाचन प्रशिक्षण हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री चिराग ठक्कर, वेबकास्टिंग हेतु श्री सिद्धार्थ असाटी, निर्वाचन संबंधी आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु स्टेनो श्री राजेन्द्र वैष्णव, भृत्य श्री भगवती प्रसाद पाटले, शिकायत सेल में नियोजित डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री संजय राजवाड़े, सहायक ग्रेड-03 श्री अनिल विश्वकर्मा, एमसीसी षाखा से गोरेलाल पैंकरा, नवीन कुमार यादव, सामान्य प्रेक्षक के लायजनिंग अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल, श्री अमन कुमार राम, व्यय लेखा शाखा के लेखापाल श्री विजय कुमार साहू, श्री रामायण सिंह कंवर को सम्मानित किया गया।

# विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल मरम्मत कराएं, टीम को रखें अलर्ट मोड पर:कलेक्टर



कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत ने आज समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ को प्रगति लाने और सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारिश के मौसम को देखते हुए विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जिले में बारिश के दौरान बाधित होने वाले विद्युत आपूर्ति को दूर करने कर्मचारियों की टीम को अलर्ट मोड पर रखें। विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए जो भी फॉल्ट है उसे चिन्हित कर शीघ्रता से दूर करें। उन्होंने बारिश के मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों को रोकने स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के आश्रम-छात्रावासों में भी नियमित निरीक्षण के निर्देश एसडीएम और नोडल अधिकारियों को दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने भवन विहीन स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी एकत्र कर भवन निर्माण प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और लंबे समय से लंबित पत्रों का शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के पात्र बेरोजगारों को मानदेय के आधार पर स्वास्थ्य विभाग में दी गई नियुक्ति में नियुक्ति तिथि से मानदेय वृद्धि के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इसी तरह शिक्षा विभाग में भृत्य तथा अतिथि शिक्षक के रूप में मानदेय के आधार पर नियुक्त विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के युवाओं को सतत् रूप से कार्य में उपस्थित होने हेतु प्रेरित करने और संबंधित स्कूलों के प्राचार्य को पीवीटीजी का मार्गदर्शन करने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने 26 जून से प्रारंभ हो रहे स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन करने तथा पात्र स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों की जानकारी एकत्र कर 26 जून से 26 जुलाई तक उनके रिकॉर्ड के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों में रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के निर्देश एसडीएम सहित संबंधित विभागों को दिए और इस कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने संजय नगर रेल्वे क्रॉसिंग अंडरपास निर्माण, दिव्यांग विद्यालय निर्माण, छात्रावास पहुंच मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सेतु निगम और हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए दूरस्थ क्षेत्रों के उचित मूल्य के दुकानों में पर्याप्त खाद्यान्न भंडारण के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन विद्यालयों में संलग्नीकरण के अलावा अन्य स्थानों पर संलग्न शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी वाले हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में मानदेय के आधार पर डीएमएफ से की जा रही शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि मिडिल स्कूलों में बच्चों की संख्या के आधार पर शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों की सूची प्रस्तुत करें। उन्होंने अतिशेष शिक्षकों वाले विद्यालयों से शिक्षकों को आवश्यकतानुसार अन्यत्र विद्यालय में स्थानांतरित करने एवं शासन को पत्र लिखने के संबंध में निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अधीनस्थ तहसीलदारों के कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही फील्ड पर कार्यालयों का निरीक्षण तथा विभागीय गतिविधियों का अवलोकन करें। उन्होंने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश एसडीएम को दिए।

## कांग्रेस पार्टी और कांग्रेसियों की सोच आज भी वही है, जैसा कि आपातकाल के दौरान था :साहू

कोरबा । 25 जून हमारे देश के इतिहास में काला दिवस के रूप में याद किया जाता है। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेसियों की सोच आज भी वही है, जैसा कि आपातकाल के दौरान था। कांग्रेसी आज भी देश को तानाशाही सोच से ही चलाना चाहते हैं। आने वाले कल के भविष्य में वे पुनः ऐसा न कर सकें, देशवासियों के अधिकारों का दमन और लोकतंत्र को खतरे में न डाल सकें, इसके लिए हम सभी को सहज और सतर्क रहने की जरूरत हैं।यह बातें मंगलवार को कोरबा प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने सन् 75 के आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहीं। उन्होंने आगे कहा कि उस दौर में भारत के नागरिकों के अधिकारों के हनन का प्रयास हुआ। लाखों मीसा बंदियों को 25 जून 1975 से लेकर मार्च 1977 तक जेल में रहे। प्रेस की स्वतंत्रता भी छीन ली गई थी। तब के दौर में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति का आंदोलन चला और इन्होंने न्यायालय में याचिका भी लगाई। जिसमें चुनाव को शून्य घोषित कर दिया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पद और सत्ता को बचाने के लिए आपातकाल घोषित कर दिया। इस आपातकाल के कारण देश की जनता परेशान हुई। इस अवसर पर कोरबा प्रेस क्लब के मंच पर वार्ता में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ के श्रम उद्योग और वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष डा राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, महामंत्री टिकेश्वर राठिया, भाजपा मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा और सह प्रभारी पवन सिन्हा उपस्थित रहे।

साय सरकार में मीसाबंदियों को मिलने वाला भत्ता पुनः शुरू मंत्री लखन लाल देवांगन उल्लेखनीय होगा कि आज के इस दिन यानी 25 जून 2024 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और दिशा निर्देश में भारतीय जनता पार्टी की ओर से छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मीसा बंदियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोगों की जागरूकता और मौलिक अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए प्रयास किए गए। इस अवसर पर मौजूद रहे श्रम, उद्योग और वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि कोरबा में वर्तमान में एक ही मीसाबंदी निवासरत हैं। पूर्व सीएमडॉ रमन सिंह के कार्यकाल में मीसाबंदियों को मिलने वाले भत्ते को विष्णुदेव सरकार में पुनः शुरू कर दिया गया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इसे बंद कर दिया था।

## भैसमाखार के ग्रामीणों को रोजगार,रास्ता उपलब्ध कराने की मांग को लेकर किसान सभा ने किया चक्काजाम

कोरबा। छत्तीसगढ़ किसान सभा ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के लक्ष्मण प्रोजेक्ट के पास साइलो कार्य से प्रभावित होने वाले भू विस्थापित परिवारों के लिए रोजगार,आम रास्ता,पानी की समस्या का समाधान की मांग जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन से की थी किसान सभा ने चेतावनी दी थी कि इस मांग समाधान नहीं होने पर 25 जून को गेवरा-भैसमाखार के ग्रामीण साइलो के कार्य को रोकने के साथ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करेंगे इस चेतावनी के बाद भी प्रबंधन ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने किसान सभा के नेतृत्व में चक्काजाम कर दिया जिससे कोयला परिवहन में लगी ट्रकों की लंबी लाइन लग गई।उल्लेखनीय है कि गेवरा-भैसमाखार के ग्रामीण पीढ़ियों से यहां निवासरत हैं। यह क्षेत्र शहरी क्षेत्र नगर निगम अंतर्गत आता है, इसके बावजूद अभी तक इनके घरों तक सड़क, बिजली, पानी नहीं पहुंचा है। और आज किसानों की जमीन पर साइलो निर्माण हुआ लेकिन प्रभावित भू विस्थापितों को रोजगार से भी वंचित रखा जा रहा है।

किसान सभा के कोरबा जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर तथा माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि मनगांव के नजदीक लक्ष्मण प्रोजेक्ट के पास नए साइलो निर्माण के साथ रेल विस्तार का काम पूरा हो गया लेकिन प्रभावित हुए भू विस्थापितों को रोजगार के लिए घुमाया जा रहा है इस संबंध में एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन कोज्ञापन दिया जा चुका था।किसान सभा नेता दीपक साहू ने कहा कि यदि एसईसीएल ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं नहीं देगा, तो ये ग्रामीण पुनः एक सप्ताह के बाद फिर से साइलो के साथ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करेंगे। चक्काजाम के बाद एसईसीएल के अधिकारी ग्रामीणों से चर्चा के लिए पहुंचे और सभी मांगो को मानते हुए एक सप्ताह में समस्याओं के समाधान का आश्वाशन दिया उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। चक्काजाम में प्रमुख रूप से जय कौशिक,सुमेन्द्र सिंह कंवर,रमेश दास, सुकृता, राजकुमारी, के साथ बड़ी संख्या में प्रभावित भू विस्थापित उपस्थित थे।

## प्री बीएड एवं प्री डीएलएड परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए मार्गदर्शन केंद्र

कोरबा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बीड एवं प्री डीएलएड 2024 परीक्षा 30 जून को संपन्न होगी। कोरबा जिले में प्रथम पाली में 34 परीक्षा केंद्रों पर 11,981 एवं द्वितीय पाली 43 परीक्षा केंद्रों में 14,884 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत की निर्देश पर शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है। मार्गदर्शन केंद्र का दूरभाष नंबर 07759-221458

# आदिवासी जमीन पर कब्जा कर फर्जी पट्टा बनाने का मामला

## जमीन विवादः एसडीएम के आदेश के दो माह बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं

**जांजगीर-चांपा।** दबंगों ने एक गरीब आदिवासी की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। शिकायत पर जेल भी गया, इसके बाद जेल से आने के बाद फर्जी पट्टा बनाकर रहने लगा। सालों से न्याय पाने आदिवासी दफ्तरों का चक्कर काट रहा है। लेकिन उसकी कहीं सुनी नहीं जा रही है।

अपना जीवन यापन करते तथा अपने परिवार का पालन पोषण करते आ रहा है। प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले तीन साल अपने ही जमीन को पाने के लिए दफ्तरों का चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि गांव के ही कृष्ण कुमार गुप्ता व रामसनेही पटेल द्वारा एक राय होकर निजी भूमि पर कब्जाकर अवैध निर्माण शुरू किया गया। प्रताप को उसकी ही जमीन से बेदखल का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत विशेष सत्र न्यायाधीश जांजगीर के अदालत में धारा 294, 506, 34, एससीएसी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध हुआ। रामसनेही को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद रामसनेही जमानत पर रिहा हो गया। जमानत पर रिहा होने के बाद रामसनेही वादभूमि को भूमि स्वामी पट्टा होना कहकर दावा करते हुए सिविल विवाद साबित करके बचने के लिए फर्जी पट्टा बनाकर अपनी पत्नी राजकुमारी के माध्यम से झूठा व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है।

उनके खिलाफ कानून का सहारा लेने पर फर्जी दस्तावेज लेकर मेरी निजी भूमि को सरकारी भूमि कहकर प्रचारित कर रहे हैं। अधिकारियों को अपने पैसे की शह पर बरगला रहे हैं। जिससे प्रताप को उचित न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस जमीन का प्रताप सिंह द्वारा सीमांकन भी कराया व्यस्तता के कारण समय नहीं पा रहा था। हालांकि पुलिस को सूचना दी गई है। जल्द ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

आदिवासी प्रताप सिंह कंवर ने बताया कि एसडीएम के आदेश के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं किया जा रहा है। नायब तहसीलदार द्वारा थाना जाने की बात कही जाती है। थाना में सुबह से रात 8 बजे तक सोमवार को बैठा रहा, इसके बाद भी नायब तहसीलदार नहीं पहुंचे। इधर थाना प्रभारी का कहना है कि नायब तहसीलदार के हस्ताक्षर के बिना एफआईआर दर्ज नहीं होगा, क्योंकि जांच उन्हीं के द्वारा किया गया है। जिसमें निजी जमीन होकर इन दोनों बेजाकब्जा किया जाना सिद्ध भी हो गया है। कलेक्टर के आदेश बाद तहसीलदार के जांच में पट्टा फर्जी निकला।

इसके बाद एसडीएम द्वारा संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तहसीलदार व थाना प्रभारी को लिखित में निर्देश दिया गया। दो माह बीत जाने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि मेरी ही जमीन की वापसी के लिए विभिन्न मामले मुकदमे में उलझाता जा रहा है।

## पहली बारिश में ही भरभराकर गिरी नहर की सपोर्टिंग वाल

**जांजगीर।** पहली बारिश में ही जिला मुख्यालय के बीच शहर से गुजरी नहर का सपोर्टिव वॉल भरभराकर गिर गई। इससे सड़क का किनारा भी टूटकर गिर रहा है। ऐसे में इस रूट से गुजरने वाले लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि नहर की दीवार गिरने की वजह से सड़क भी कमजोर पड़ गई है।

हाल ही नहर में सपोर्टिव वॉल का निर्माण किया गया था। लाखों की लागत से निर्मित इस दीवार की हालत इतनी खराब हो गई कि पहली बारिश में ही भर भराकर गिर गई। सूत्रों की माने तो इस नहर में ट्रैक्टर जैसे बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इसके कारण नहर पार की सड़क कमजोर हो चुकी है। लोगों की माने तो सड़क व नहर पार की सड़क को कमजोर करने की वजह यही भारी वाहनों का होना है। इसके कारण नहर की दीवार भी कमजोर जा रही है। नहर पार की सपोर्टिव वॉल इतनी कमजोर बनी है कि लोगों को अब इस नहर में चलने के लिए दिल मजबूत करना पड़ रहा है। क्योंकि न जाने कब यह सपोर्टिव वॉल भर भराकर गिर जाए। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि सपोर्टिव वॉल के लिए कोई अलग से बजट नहीं आता। इसे किसी तरह ठेकेदारों को बोलकर मरम्मत के फंड में इसे बनाया जाता है। यही वजह है कि इसमें मजबूती नहीं आती।

जब पहली बारिश में नहर की सपोर्टिव वॉल गिरने लगी है तो आगे क्या हाल होगा अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों की माने तो जैसे ही नहर में पानी का बहाव और तेज होगा वैसे ही नहर की सपोर्टिव वॉल और कमजोर हो जाएगी। जिससे दीवार कभी भी गिर सकता है। इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अभी से मॉनिटरिंग करने की जरूरत है। ताकि जहां-जहां कमजोर दीवार है उसकी मरम्मत तय समय पर कराई जा सके।

## नेशनल कराते चेम्पियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मैडल

**जांजगीर - चांपा।** सोतोकान कराते ढू इंडियन एसोसिएशन के तत्वावधान में आल इंडिया कराते चैंपियनशिप का आयोजन 22 और 23 जून कोबिलासपुर के कोनी स्थित स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल हाल में किया गया। इस खेल में पूरे भारत वर्ष के कई राज्यों से खिलाड़ी हिस्सा लिये और खेल में अपना जौहर दिखाए है इसी कड़ी में जांजगीर - चांपा जिले के कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष रामू भैना और उपाध्यक्ष मुरली नायर केमार्गदर्शन में जांजगीर, शिवरीनारायण, कोसमन्दा की खिलाड़ियां ने भी भाग लिया था । जिसमें जांजगीर से अमन नामदेव ने काता में सिल्वर मैडल जीत कर दूसरा स्थान और फाइट में गोल्ड मैडल जीत कर प्रथम स्थान हासिल किया। भुवन भैना ने काता में गोल्ड मैडल जीत कर प्रथम स्थान और फाइट में सिल्वर मैडल जीत कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोसमन्दा से कविता कस्यप ने काता में सिल्वर मैडल और फाइट में भी सिल्वर मैडल जीत कर दूसरे स्थान पर रही। ममता कौशिक ने काता में सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा और फाइट में गोल्ड मेडल जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## नए शिक्षा सत्र में जर्जर स्कूल में मनेगा शाला प्रवेशोत्सव




**अकलतरा।** अकलतरा बिलासपुर रोड के मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम अर्जुनी के शासकीय प्राथमिक शाला बौहापारा सरकारी स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावक नए शिक्षा सत्र में बच्चों को स्कूल भेजने से डरने लगे हैं।

क्योंकि स्कूल के तीन कमरों में से एक कमरे की छत पूरी तरह से जर्जर है। जहां बच्चों को बैठाना खतरे से खाली नहीं है। वहीं विद्यालय में बच्चों की कमी है। यहां पांच कक्षाओं को पढ़ाने के लिए मात्र दो ही शिक्षक हैं। बोहापारा मोहल्ले के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जर्जर भवन और शिक्षक नहीं होने की शिकायत ब्लाक व जिला स्तर पर कर चुके हैं। लेकिन इस संबंध मे ना तो स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे और ना ही शासन प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय के एक कमरे का जर्जर होने के चलते नए शिक्षा सत्र में 88 छात्रों को बैठाने के लिए समस्या आएगी। वहीं छात्रों को पढाने के लिए शिक्षकों की कमी भी बनी हुई है। जिसका समुचित निराकरण नही हो पा रहा है। एक ओर शहरों व गांवो में माडल स्कूल विकसित किया जा रहा है लेकिन मुख्य मार्ग में स्थित बोहापारा के सरकारी स्कूल में आज भी छात्र - छात्राएं जीर्ण- शीर्ण भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। भले ही प्रदेश में माडल स्कूलों के कितने ही दावे किये जा रहे हो लेकिन धरातल कुछ और हकीकत बयां कर रही है।

## मौसम बदल रहा है, एक्शन मोड में आएंगे बादल, किसानों के लिए लाएंगे खुशियां

**बिलासपुर।** मौसम का मूड बदल रहा है। मंगलवार को भारी उमस और गर्मी के साथ आसमान में बादल भी मंडरा रहे थे। प्री मानसून ने वर्षा का पिछले साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। 26 जून से मानसून अपने पूरे एक्शन मोड में आ जाएगा। मौसम विभाग की मानें तो अब एक सप्ताह तक अच्छी वर्षा की संभावना है, जिससे उमस और गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिलने की पूरी संभावना है।

मंगलवार का दिन उमस और गर्मी से परेशान लोगों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। आसमान में घने बादलों के बीच सूर्यदेव ने अपने तेवर दिखाए। पिछले दिनों प्री-मानसून ने राहत देते हुए चारों ओर हरियाली जरूर बिखेर दी है, लेकिन उमस कम नहीं हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 26 जून से मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा और इसके बाद अगले एक सप्ताह तक अच्छी वर्षा की संभावना है। विभाग के मुताबिक, इस साल मानसून सामान्य से ज्यादा सक्रिय रहेगा, जिससे किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटने की उम्मीद है। वर्षा का यह दौर न सिर्फ उमस और गर्मी से राहत दिलाएगा, बल्कि जलस्तर में भी सुधार करेगा, जो पिछले कुछ महीनों से काफी कम हो गया था।

## सब्जी लेकर घर लौट रहे तीन बाइक सवारों को ट्रक ने ठोका, एक की मौत

**रायगढ़।** सब्जी लेकर घर लौटते समय पेट्रोल भरवाने जा रहे बाइक सवार तीन लोगों को विपरीत दिशा से सामने से आ रही ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति चोटिल हो गए है। जिनका उपचार चल रहा है। जूटमिल पुलिस मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली हैं।

सुशील सिदार पिता भगत राम उम्र उम्र 37 उम्र वर्ष सांगीतराई सिदार पारा थाना जूटमिल का रहने वाला है।

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**जांजगीर-चांपा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही विद्युत कटौती से उपभोक्ता काफी हद तक परेशान है। विद्युत विभाग के द्वारा कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है। दिन तो दिन रात में भी बेवजह विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। अघोषित बिजली कटौती से नगर के लोग इन दोनों खास से परेशान हैं। ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा जिस दिन बिजली बंद ना हो। बिजली बंद होने का कोई समय तय नहीं है। सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जा रही है। इधर लोगों का उमस भरी गर्मी से बुरा हाल है। गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो गए हैं। बिना जानकारी के बिजली कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी की समस्या भी हो रही है। भीषण गर्मी में कूलर पंखे बंद होने से लोगों की बेचैनी बढ़ जाती है। बिजली कटौती के साथ ही लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों डभरा खुर्द सोनादह और बनडभरा के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती ने हलाकान कर रखा है। विद्युत विभाग के द्वारा जब चाहे बिजली कटौती किया जा रहा है, दिन हो या रात गांव में बिजली की समस्या बनी हुई है। गांव में घंटो-घंटो तक बिजली बंद रहता है। बिर्रा के सोनादह गांव में बीते 1 सप्ताह से बिजली की समस्या बना हुआ है। महिलाएं पानी के लिए बिजली के इंतजार में रहते है और जब बिजली आता है तो वह भी जीरो वोल्टेज रहता है जिससे बोर मोटर पंप मशीन नही चल पता है जिससे पानी के लिए महिलाएं दूर बोरिंग के पास जाना पड़ता है।

## कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन के माध्यम से सुनी आमलोगों की विभिन्न समस्याएं

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से संबंधित विभागीय अधिकारियो की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। जनदर्शन में आज कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए है।



जनदर्शन में आज ग्राम औरदा के समस्त ग्रामवासियों द्वारा प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी के पास स्थित डीजे हाउस को हटाने, सक्ती वार्ड नंबर 2 निवासी शरद कुमार कसेर ने किसान सम्मान निधि के लिए बैंक खाता लिंक कराने, तहसील अड़भार निवासी रामलाल ने बटवारा प्रकरण निराकरण करने, सकरेलीकला निवासी श्रीमती दुर्गा प्रसाद केंवट ने जमीन पर जबरन कब्जा करने के संबंध में शिकायत, देवरीमठ निवासी बाबूलाल ने ऋण पुस्तिका में खसरा नंबर दर्ज कराने, तहसील हसौद निवासी श्रीमती समारीन बाई ने लोक निर्माण विभाग के सड़क निर्माण में आये जमीन का मुआवजा दिलाने, तहसील अड़भार निवासी श्याम कुमार द्वारा ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने, औरदा निवासी उमाशंकर यादव द्वार दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन, ग्राम हरदी निवासी पेसलाल बंजारे द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की राशि दिलाये जाने सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा राजस्व, आवास, पेंशन भुगतान, भूमि विवाद सहित अन्य आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे। जिस पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने संबंधित विभागो को सभी प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है।

## पर पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सक्ती जिले में दो अलग-अलग हत्या के मामलों में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली काका और कुरदा का है। पहला मामला कुरदा गांव का है, जहां मृतक सौखीलाल जांगड़े की पत्नी किरन जांगड़े ने 23 जून को पति के लापता होने की सूचना थाने में दर्ज कराई थी। किरन जांगड़े ने बताया था कि उसका पति गांव के ही अमरजीत बंजारे के साथ गया था। उसके बाद घर नहीं लौटा।

पुलिस ने अमरजीत बंजारे (30) को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने हत्या करना कबूल किया। आरोपी अमरजीत ने बताया कि उसकी पत्नी से सौखीलाल बात करता था। जिस वजह से वह सौखीलाल को सुनसान जगह ले गया और उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। आरोपी ने शव को दूसरे गांव ले जाकर छिपा दिया था। आरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद किया गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी के खिलाफ मालखरौदा थाने में हत्या मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया, जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।दूसरी घटना चिखली गांव की है, जहां आरोपी पति चंद्रशेखर भारद्वाज ने पत्नी से पीने के लिए एक गिलास पानी मांगा था। पानी नहीं देने पर गुस्से में पति ने घर में रखे फावड़ा से पत्नी पर हमला कर दिया। जानलेवा हमले से पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया



**जाँजगीर।** छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार जाँजगीर में स्थित भीमा तालाब में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर से समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित होकर योग करने के नियम व सावधानी तथा लाभ से अवगत हुए। प्राचीन काल से ही योग भारतवर्ष का अभिन्न हिस्सा रहा है। योग शरीर को निरोगी व सक्रिय रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति आंतरिक व शारीरिक दोनों ही रूप से ऊर्जावान रहता है। योग का महत्व आज पूरे विश्व के लोगों ने समझ लिया है। इसलिए विश्व योग दिवस पर सभी देशों में योग दिवस का आयोजन किया जाता है और बड़ी संख्या में लोग योग शिविरों में भाग लेते है। हमारी संस्था ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ सभी प्राणायाम- अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और उदीत प्राणायाम एवं आसान- तड़ासन, वृक्षासन, तिर्यक तड़ासन, त्रिलोकासन और सूर्यनमस्कार इत्यादि विभिन्न प्रकार के प्राणायाम इत्यादि आसान के द्वारा लाभान्वित हुए। ब्रिलियंट परिवार ने योग के अनेक आसन व प्राणायाम को सीखा और उसके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही बच्चों से योग से जुडे प्रश्न किये जिसके उत्तर बच्चे उत्साहित होकर दिये। 10वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में यह कार्य सम्पन्न हुआ, जिसमें समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

## भड़ेसर में चोरी की बिजली से चल रहा जेजेएम का कनेक्शन

**जांजगीर।** विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत भड़ेसर में जल जीवन मिशन के घटिया काम को लेकर पीएचई के अधिकारी दागदार हैं ही वहीं नया मामला पेटी ठेकेदार द्वारा बड़ी लापरवाही सामने आया है। यहां के ठेकेदार द्वारा चोरी की बिजली से मोटर पंप का संचालन किया जा रहा हैं। जिसकी लिखित शिकायत गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों ने विद्युत व पीएचई विभाग के अफसरों से की गई है। इतना ही नहीं ठेकेदार के कमचारियों द्वारा करंट युक्त तार को इधर-उधर फैलाया गया। जिसके चलते करंट लगने से गांव के एक मवेशी की मौत भी हो गई। अपनी शिकायत में ग्राम सरपंच ने बताया कि जनपद पंचायत नवागढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भड़ेसर में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत पानी टंकी के लिए नल कनेक्शन, प्लेट फार्म, पानी लाईन का निर्माण कार्य किया गया है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहिन पुराने कटे फटे तार का उपयोग कर पानी सप्लाई की जा रही है। जिसके कारण हर 2-3 दिनों में तार टूट कर गिर जाता है। इसके कारण हितग्राहियों के घर पानी सप्लाई नहीं होती। ठेकेदार के द्वारा अवैध कनेक्शन से पानी सप्लाई की जाती है। कभी चंडी दाई मंदिर के पास ट्रांसफार्मर से तो कभी अन्य जगह ट्रांसफार्मर से अवैध कनेक्शन लेकर पानी सप्लाई किया जाता है। इस संबंध में गांव के अधिकांश व्यक्ति परमेश्वर यादव पेटी ठेकेदार, ठेकेदार का मुख्य आदमी को अवगत कराया गया। जिस पर उनके द्वारा ठीक कराने का आश्वासन दिया गया।

बिजली करंट की चपेट में आने से गांव के किसान मयाराम सूर्यवंशी के मवेशी भैसी विद्युत तार के चपेट आ गया और उसकी मृत्यु हो गई। इतना ही नहीं मयाराम सूर्यवंशी बाल-बाल बच गया। लंगर कनेक्शन के कारण कभी भी और बड़ी दुर्घटना घट सकती है। सरपंच ने विद्युत विभाग के अधिकारी से मांग करते कहा है कि अवैध कनेक्शन के बजाय केवल वायर से लगवाने की कार्रवाई करे। जिससे भविष्य में और कोई दुर्घटना न हो और पानी सप्लाई का कार्य आसानी से चलता रहा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी.बीएसपी-टी-29-23-24, दिनांक 13-06-2024
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/चाम्पा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु): 1,20,00,000/- अमानत राशि (रु): 2,100,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30/06/2025 तक।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी.बीएसपी-टी-22-24-25 दिनांक 13-06-2024
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/कोरबा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु): 1,20,00,000/-, अमानत राशि (रु): 2,10,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30/06/2025 तक।

क्र.सं. (3) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी.बीएसपी-टी-23-24-25, दिनांक 13-06-2024
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/बाराद्वार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु): 1,20,00,000/-, अमानत राशि (रु): 2,10,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30/06/2025 तक।

क्र.सं. (4) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी.बीएसपी-टी-24-24-25, दिनांक 13-06-2024
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु): 1,20,00,000/-, अमानत राशि (रु): 2,10,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30/06/2025 तक।

क्र.सं. (5) ई.निविदा सं. डीआरएम.इंजी.बीएसपी.टी.25.243.25, दिनांक 13.06.2024
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/हिमगीर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु): 1,20,00,000/-, अमानत राशि (रु): 2,10,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30/06/2025 तक।

क्र.सं. (6) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी.बीएसपी-टी-26-23-24, दिनांक 13-06-2024
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पी.वे)/हिमगीर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पी.वे जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु): 1,00,00,000/-, अमानत राशि (रु): 2,10,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 30/06/2025 तक। निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: 26.06.2024 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 10.07.2024 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/100 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## विद्या के मंदिर में आज पड़े नन्हें कदम....

बिलासपुर। स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनेगा। कक्षा एक के नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक कर मिठाई से स्वागत किया जाएगा। उन्हें नए किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री निशुल्क वितरित की जाएगी, जिससे उनके चेहरे पर एक अलग ही चमक देखने को मिलेगी। प्राइवेट स्कूलों ने भी सरप्राइज सेलिब्रेशन प्लान किया है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मैं **TRILOCHAN SINGH BHATIA S/O. SUJAN SINGH BHATIA** निवासी **HIG-75, MAHARANA PRATAP NAGAR, KORBA (C.G.)** यह शपथ करता हूँ, कि मैनें अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम**TARLOCHAN SINGH BHATIA S/O. SUJAN SINGH BHATIA** रख लिया हैं।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम **TARLOCHAN SINGH BHATIA S/O. SUJAN SINGH BHATIA** से ही जाना पहचाना जावें।

TARLOCHAN SINGH BHATIA
HIG-75, MAHARANA
PRATAP NAGAR, KORBA
DISTT. KORBA (C.G.)
PIN-495677

## नवीन कानूनों के संबंध में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जांजगीर-चांपा ।** विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास नारायण कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला भगवानदास गढ़वाल, नगर पालिका अध्यक्ष चांपा जय थवाईत, कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत के पास ऑडिटोरियम भवन में 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नये कानून के संबंध में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता गण, पत्रकारगण, नागरिक गण एवं छात्र-छात्राएं को जानकारी दी गई।

विधायक ब्यासनारायण कश्यप ने कहा कि नवीन कानून संहिता लागू होने से आम नागरिकों को पारदर्शी एवं त्वरित न्याय व्यवस्था प्रदान करने के साथ ही आपराधिक व्यक्तियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाया जा सकेगा। नवीन कानूनों का पालन करना हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। विधायक अकलतरा श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से कम समय में न्याय मिलेगा। पुराना कानून ब्रिटिश काल का है इसकी व्यवस्था पुरानी हो गई थी जिसे अब अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ साथ हमें भी नवीन कानूनों के संबंध में अपडेट होना चाहिए।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके संबंध में अधिकारियों के साथ ही नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे। इसका उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, इसलिए नवीन कानून के बारे में जानकारी होना बहुत आवश्यक है। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने नए कानून के संबंध में प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता, तकनीक का समावेश तथा नए प्रावधानों को रेखांकित किया गया है। उन्होंने बताया कि नए कानून में भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। इसी तरह दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। नए कानून का मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा एवं न्याय, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान, उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ पुलिस का सामन्जस्यपूर्ण सशक्तिकरण और समयबद्ध प्रक्रिया, साक्ष्य संग्रह और प्रस्तुति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के साथ ही मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, सर्व एसडीएम, एसडीओपी, देवेश सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

## जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों के प्राचायों की बैठक

**जांजगीर-चांपा ।** कलेक्टर ने आज जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत के पास ऑडिटोरियम भवन में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) के अंतर्गत जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। सभी बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। हर एक बच्चा शिक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत कोई भी बच्चा प्रवेश करता है, तो उसके साथ वैसा ही व्यवहार करें जिस प्रकार सामान्य तौर पर प्रवेशित बच्चों के साथ व्यवहार करते हैं। ऐसा नहीं करने या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने जिले में शत प्रतिशत आईटीई की सीट भरने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने पिछले सत्र में ड्राफ्ट आऊट विद्यार्थियों की जानकारी लेते हुए कहा कि इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि जो बच्चे ड्राफ्ट आऊट हुए हैं उसका कारण का पता लगाकर उन्हें एवं उनके पालकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सत्र 2024-25 में आर.टी.ई. के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी तथा निर्धारित समय तक दाखिला कार्य पूर्ण करने की तैयारी के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा आर.टी.ई. के तहत मेंटॉर नियुक्त किया जाएगा। मेंटॉर पालक व विद्यालय प्रबंधन के मध्य समन्वय स्थापित करेंगे। मेंटॉर द्वारा ड्राफ्ट आऊट बच्चों के पालकों को प्रेरित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आर.टी.ई. नोडल अधिकारी, जो वर्तमान में सेवा निवृत्त, थानांतरण, मृत्यु हो चुके है, उनके स्थान पर वर्तमान प्रभारी की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया, ताकि आर.टी.ई. पोर्टल में नाम परिवर्तन किया जा सके। बैठक में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज



सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, नोडल अधिकारी, निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक उपस्थित थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के क्षेत्र में ब्लैक-स्पॉट,अन्य दुर्घटना संभावित सड़क या स्थान का चिन्हांकित करना, राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्य मार्ग में आवश्यकता अनुसार चेतावनी बोर्ड, सूचनात्मक बोर्ड लगाया जाना, तेज व खतरनाक रूप से वाहन संचालन एवं यातायात नियमों का उल्लंघन पर रोक लगाना, सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता अभियान (यातायात), स्कूल-कॉलेज में यातायात नियमों को बढ़ावा देने हेतु जागरुकता अभियान चलाना, स्कूल बसों की चेकिंग माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये गाईड लाईन अनुसार 16 बिंदुओं पर जांच करना, नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाना, आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करना, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करना, जिले में ट्रेफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए ।

## अनमोल वचन......

तेरे हक़ में काफी कुछ रखा है तेरे रब ने,
तू थोड़ी कोशिश तो कर बाकी वो सब संभाल लेगे!

## आरक्षण रद्द बिहार सरकार को तगड़ा झटका

*पटना हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए गए राज्य सरकार के आरक्षण को रद्द कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार को तगड़ा झटका माना जा रहा है। यह दलितों, पिछड़े वर्गों व आदिवासियों को सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा था। बिहार की तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा बीते साल नवम्बर में जाति गणना के आधार पर इन वर्गों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का कानून बनाया गया था।अदालत ने विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के बाद इस बढ़ी आरक्षण सीमा को संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 20 का उल्लंघन बताया। जैसा कि शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी राज्य सरकार 50 प्रतिशत की तय सीमा से अधिक कोटा नहीं लागू कर सकती है, जबकि बिहार में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 फीसद मिलाकर यह आरक्षण 75 प्रतिशत पहुंच गया था।*

*अदालत का मानना है कि बिहार में कुल जनसंख्या के केवल 1.57 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरियों में हैं। जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व भी पर्याप्त बताया जा रहा है।हालांकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। दरअसल, जैसा नजर आता है कि आरक्षण अब राजनीतिक पार्टियों के लिए जनता को फुसलाने का साधन मात्र रह गया है। उनका ध्येय समाज में व्याप्त गैर-बराबरी को मिटाना नहीं रहा।वे मतदाताओं को बड़ी तादाद में प्रभावित करने के उद्देश्य से व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं। तमाम अगड़ी जातियां मानती हैं कि आरक्षण के चलते नौकरियों के लाले पड़ रहे हैं। वे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रभावित होने का रोना भी रोती रहती हैं, परंतु यह भी गलत नहीं है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था में विभिन्न जातियों/समुदायों को जबरदस्त अन्याय सहना पड़ा हैउनके लिए कोटा तय कर, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक तौर पर बराबरी पर लाने के प्रयासों पर अड़चनें लाने उचित नहीं है। यूं तो अन्य राज्यों में भी सत्ताधारी दल लाभ के लोभ में कोटा बढ़ाते रहने को उतावले हो सकते हैं। इसलिए बिना देरी किए, इस पर लगाम लगाना लाजमी है। कमजोर वर्ग की सहूलियत के लिए, उन्हें सहायता देने व जीवन स्तर बेहतर बनाने के अन्य तरीकों पर भी विचार किए जाने की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जाना चाहिए।*

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व

//अजय दीक्षित//

**विश्व में भारत का डंका बजा कर पिछले दस सालों में मोदी जी ने भारत को विश्व गुरु बना दिया है । अनेक वर्षों से यू.एन.ओ. की पहल पर 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है । इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी ने कश्मीर में योग दिवस मनाया । टी.वी. पर जो चित्र दिखलाये जा रहे थे उनसे ज्ञात होता है कि योग करने वालों में इस्लाम धर्म को मानने वाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे । अनेक मुस्लिम देशों में अब योग को नियमित रूप से अपनाया जाने लगा है । यहां तक कि भारत का कट्टर विरोधी पाकिस्तान भी योग दिवस मनाता है ।**

छः दर्शनों में पतंजलि का योग दर्शन भी है । योगी कोई हिन्दू प्रणाली नहीं है । मोदी जी के अनुसार योग चित्त को स्थिर करता है और एकाग्रता लाने में मददगार होता है । शास्त्रों में कहा गया है कि योग विद्या नहीं अपितु विज्ञान है जो आधुनिक पैमाने पर खरा उतरता है । मोदी जी ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है । यह एकाग्रता लाने में सहायक है । योग मन की ताकत को बढ़ाता है । प्रधानमंत्री ने कहा कि अब विश्व के कोने-कोने में योग की महत्ता लोग समझ गये हैं । संयुक्त राष्ट्र संघ ने दस वर्ष पूर्व 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया था । अमरीका में तो अब योग शिक्षा के लिए नियमित क्लासें लगती हैं और वहां के स्त्री पुरुष रोज सुबह नियमित योग करते हैं । दस वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र संघ में कुल 177 देशों के प्रस्ताव के साथ यह तय हुआ कि 21 जून को प्रति वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा । मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने निर्णयों से इस दिवस को अविस्मरणीय बना दिया है । उन्होंने अपने संबोधन में योग के साथ-साथ आयुर्वेद और आयुष चिकित्सा पद्धति पर भी बात की । टी.वी. की खबरों के अनुसार सारे केन्द्रीय मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यालयों या लोकसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ योग किया । यह सुखद घटना है कि विपक्ष ने भी इस पर कोई राजनीति न करते हुए स्वयं में व योग में भाग लिया । प्रदेश जिला स्तर पर कलेक्टर और अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालय में योग किया । भारत में योग को फैलाने में स्वामी बाबा रामदेव का बड़ा हाथ है । इस बात को स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारा और सराहा था । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश में एक योग आयोग बनाने की बात की है । इसके साथ ही आनंद विभाग और आयुष मंत्रालय को भी जोड़ा जायेगा । मध्य प्रदेश के विश्व विद्यालयों में योग को एक विषय के रूप में पढ़ाया जायेगा ।

योग से एक नई संचेतना आती है और इससे चित्त को एकाग्र करने की शक्ति मिलती है । इसलिए विद्यार्थियों के लिए तो योग एक प्रकार से संजीवनी है जिससे वे अपने विषय को और गहनता से और ग्रहण कर सकते हैं । इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने कहा कि योग से निरोगी काया प्राप्त होती है । आज विश्व में योग का महत्व लोग समझ गये हैं ।

आने वाले बरसों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत की और विद्याएं और कलाएं विश्व में फैलेंगी और पुनः विश्व में भारत का डंका बजेगा । भारतीय विद्या का महत्व तात्कालिक न होकर स्थाई होता है और भारतीय विद्या आध्यात्म और ईश्वरीय शक्ति से जुड़ी है । इस ईश्वर को हम अलग-अलग नामों से जानते हैं परन्तु इसका प्रभाव स्थाई और चिरकालिक है । हम मात्र 21 जून को ही योग न करके इसे अपने जीवन का स्थाई भाव बनायें । दैनिक अजय भारत की ओर से सभी को शुभकामनाएं ।

# गर्मी के बढ़ते प्रकोप अधिकांश देश त्रस्त

//भारत डोगरा//

**जलवायु बदलाव के इस दौर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप से दुनिया के अधिकांश देश त्रस्त हैं, पर अधिक विकट स्थिति गरीब देशों की है। इसी तरह यदि आंतरिक स्तर पर देखें तो विभिन्न देशों, शहरों और गांवों में गर्मी का सबसे अधिक प्रकोप सबसे निर्धन लोगों को झेलना पड़ता है। बढ़ती गर्मी के द्योतक के रूप में प्रायः तापमान के आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं और ये हमें काफी निश्चित तौर पर बताते हैं कि बहुत से स्थानों पर हाल के वर्षों और दशकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। तिस पर जहां हरियाली कम हुई है, सीमेंट-कंक्रीट का जाल बढ़ा है, वहां बढ़ती गर्मी का असर और भी घातक रूप में नजर आ रहा है। इस बारे में अनेक अध्ययन भी उपलब्ध हैं।**

दूसरी ओर, गर्मी के बढ़ते प्रकोप का एक ऐसा पक्ष भी है जो अति महत्तपूर्ण होते हुए भी अपेक्षाकृत उपेक्षित है। यह है आर्थिक-सामाजिक विषमता का पक्ष। जिस समाज, नगर या गांव में अधिक विषमता और अधिक असमानता होगी, वहां ऐसे साधनहीन परिवारों का प्रतिशत भी अधिक होगा जो जलवायु बदलाव के दौर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप और अन्य तरह के प्रतिकूल मौसम के दुष्परिणामों को सहने में कम सक्षम हैं। जहां गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू के थपेड़ों के बीच साधन-संपन्न व्यक्ति अपने बचाव और आराम के विभिन्न उपाय करने में समर्थ है, वहां निर्धन परिवारों के लिए यह संभव नहीं है और अनेक दिहाड़ी मजदूर परिवार के लिए रोटी और बुनियादी जरूरतों की व्यवस्था के लिए घोर गर्मी में भी मजदूरी ढूंढने के लिए मजबूर हैं। यह स्थिति गांवों और शहरों, दोनों जगह देखी जा सकती है। पुरुष ही नहीं, अनेक स्थानों पर तो महिला मजदूर भी गर्मी का बहुत प्रकोप झेल रही हैं।जहां किसानों और स्व-रोजगार वालों के लिए कम से कम यह संभव है कि वे अपने काम के घंटों को गर्मी से बचाव की दृष्टि से बदल लें, पर अनेक मजदूरों के लिए यह निर्णय भी अपने स्तर पर लेना संभव नहीं है। अतः यह बहुत जरूरी है कि विशेषकर खुले क्षेत्र में और अधिक गर्मी की स्थिति में कार्य करने वाले मजदूरों की रक्षा के लिए विशेष कदम सरकार उठाए। देश में गर्मी के अधिक प्रकोप के रूप में चर्चित क्षेत्रों में बुदेलखंड का नाम विशेष तौर पर लिया जाता है। यहां तापमान बहुत ज्यादा रहा है और कई दिनों तक लगातार 42 सेंटीग्रेड से 49 सेंटीग्रेड के बीच रहा। इसके अतिरिक्त, नदियों और अन्य जल-स्रेतों के सिकुड़ने या लुप्त होने, अंधाधुंध बालू और पत्थर के खनन, वृक्षों की कटाई, सिमटते वनों के कारण भी इस क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। घर-घर में नल तो लग गए हैं पर इसके बावजूद जल-संकट तो बना हुआ है। इस क्षेत्र में गर्मी के विकट प्रकोप के दिनों में जब हाल ही में यह लेखक दूर-दूर के गांवों में गया तो यही सच्चाई बार-बार उभर कर सामने आई कि जहां सामाजिक विषमता और अन्याय है, दबंगी और सामंतशाही का असर अधिक है, वहां एक ओर तो सामान्य समय में ही निर्धन और जनसाधारण अधिक समस्याओं से त्रस्त होते हैं और गर्मी के बढ़ते प्रकोप और प्रतिकूल मौसम के दौर में उनकी समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। जब सुबह 9-10 से ही गर्मी बहुत बढ़ने लगती थी तो खुले में निर्माण कार्य या कृषि कार्य दिन-भर करने की हिम्मत कोई कैसे जुटा सकता है। तिस पर यदि दोपहर में छाया में विश्राम और ठंडे पानी की सुविधा भी सही ढंग से उपलब्ध न हो तो स्थिति और भी विकट हो जाती है।

फिर भी मजबूरी में, पेट भरने के लिए बहुत विकट स्थितियों में भी मजदूरी जारी रहती है। प्रायः शहरों के दिहाड़ी मजदूरों को नाकों या चौकों पर बहुत समय तक गर्मी में मजदूरी का इंतजार करना पड़ता है, तभी उनको दिहाड़ी के कार्य पर लिया जाता है। अनेक मजदूर आसपास के गांवों से भी शहरों में दिहाड़ी की मजदूरी के लिए जाते हैं, फिर चाहे गर्मी का प्रकोप कितना भी अधिक हो। ऐसा ही एक मात्र 18 वर्ष का बहुत सीधा-सादा दलित भूमिहीन युवक रत्नेश जब जून के प्रथम सप्ताह में अपने गांव से बांदा नगर की ओर मजदूरी के लिए जा रहा था, तो उसे गांव के दबंगों ने इस आधार पर रोका-टोका और गाली-गलौज की कि उसे उनके यहां मजदूरी करने के लिए मजबूरन जाना पड़ेगा। जब रत्नेश ने कहा कि वह उनके यहां नहीं जा सकता है तो पत्थरों से हमला कर उसे बेहद निर्दयता से मार दिया गया। इस तरह की बेहद दर्दनाक घटनाओं से पता चलता है कि आज भी सबसे निर्धन परिवारों पर सामंतशाही कितना जोर-जुल्म करती है। गर्मी का प्रकोप बढ़ जाने पर जब मजदूर मिलने में कठिनाई होने लगती है जो मजदूर प्राप्त करने के लिए इस तरह की जोर-जबरदस्ती और दबाव भी बढ़ सकते हैं। जलवायु बदलाव और बढ़ते ताप पर दुनिया भर में विमर्श तेज हो रहा है। पर इस विमर्श में न्याय और विषमता के महत्त्वपूर्ण मुद्दों को समुचित स्थान नहीं मिल रहा है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप ऑफिस में अपना चमत्कारी प्रभाव दिखाने वाले हैं, कोई बहुत ही कठिन काम बड़ी आसानी से पूरा करने में सफल रहेंगे और आप अपने काम से बॉस के खास बन जायेगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका आध्यात्मिक लोगों से मिलना होगा। आज थोड़े से प्रयास से बड़ी उपलब्धि हासिल हो जायेगी। राजनीति में बड़े लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा। आज आपकी देर शाम दोस्तों के साथ मीटिंग हो सकती है, इससे आपको कोई बड़ा लाभ भी होगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप अपनी चतुराई से बिजनेस को तीव्र गति से दौड़ा देंगे जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे और आप मालामाल हो जायेगे। इस राशि के जो लोग रंगमंच से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज वाणी पर नियंत्रण करके आप सफलता हासिल कर लेंगे। आज प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े बड़े फैसले ले सकते हैं, जिससे आपको आगे चलकर अच्छा परिणाम हासिल होगा। स्वास्थ्य पर आज सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। परिवारजनों के साथ किसी पर्यटन-स्थल पर घूमने जायेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको ऑफिस में कोई ऐसा काम दिया जा सकता है जो चुनौतीपूर्ण है, लेकिन आप सफलता पूर्वक उसे निपटाने की पूरी भरपूर कोशिश करेंगे। आज आपकी कुछ कठिन विषयों में रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस में नए अनुभव मिलने की सम्भावना है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किस्मत आपका साथ देने वाली है। आज आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मिला-जुला परिणाम प्राप्त होगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को उनके सीनियर्स से भरपूर मदद मिलेगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन खास होने वाला है। हँसी-मज़ाक में कही गई बातों को लेकर उलझने से बचें। व्यापार की बढ़ोतरी के लिए आज आप कुछ अलग प्लान बनायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप अपने भाई के किसी महत्वपूर्ण कार्य में मदद करेंगे। आज आपको अपने दोस्तों के साथ कही घूमने का अवसर मिलेगा। आज अपना पसंदीदा काम निपटाने की योजना बना सकते हैं। रुके काम शुरू करने में किसी की मदद लेंगे। नौकरी के लिहाज से दिन काफी ठीक रहेगा, साथ ही काम में मन लगेगा और उत्साह भी बढ़ेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आया है। आज बनायी गई व्यापार संबंधित नई योजनाएं काफी आकर्षक साबित होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया भी साबित होगी। अपने लक्ष्य को पाने के लिए अभी से काम पर लग जाएं आगे चलकर मेहनत का फल अच्छा मिलेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। लोगों के समस्याओं का समाधान निकालने के लिए आज भाग-दौड़ या किसी प्रकार की यात्रा हो सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को और मजबूत करेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को जल्द ही सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अपनी इच्छा से आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। आपकी आज कोई नई योजना पूरी होगी उससे फायदा भी मिलेगा। आज आपकी आय में इज़ाफ़ा होने की संभावना है। कारोबार के लिए आप अनुभवी लोगों से राय मश्वरा करेंगे तो सफलता आपके कदमों में होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। हर जरूरी बात अपने जीवनसाथी से जरूर शेयर करें, जिससे उलझने खत्म होगी और नए आइडिया भी सामने आ सकते हैं। आज किसी शुभ समाचार के मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा रहेगा।

# धरती का प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसती आग से

//प्रमोद भार्गव//

**इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है। अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से ये हालात पैदा हुए हैं। यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी चरम पर होगी।**

गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी। अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पलय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा। दिल्ली में तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हुई है।

इस कदर गर्मी का अनुमान पर्यावरणविद् ने पहले से लगा लिया था। इनकी सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रेत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। पर्यावरणविद् के मुताबिक, सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी। नतीजतन, पृथ्वीवासियों को तबाही का सामना करना पड़ेगा।

इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन, जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है, में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इस्त्राइल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंतण्र के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।

नवम्बर, 2021 में ग्लासगो वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं।

बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है।

गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है या प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार है, जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियत्रण रूरी है।

## तस्वीरों की दुनिया



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने नई दिल्ली में संसद भवन में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बधाई दी।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य पार्टी नेताओं के साथ नई दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय में संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नई दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय में संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सम्मानित किया गया।





नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आपातकाल के काले दिन कार्यक्रम के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी महासचिव बीएल संतोष, विनोद तावड़े और अन्य।



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने के खिलाफ लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी, नई दिल्ली में सुब्रतो पार्क स्थित वायु सेना सभागार में कैपस्टोन सेमिनार को संबोधित करते हुए।

# पीएमश्री स्कूल में गड़बड़झाला

## मनमाने तरीके से हो रहे हैं घटिया निर्माण कार्य * सामग्री खरीदी में भी हेरा फेरी



**चरचा कॉलरी।** शिक्षा के समुचित विकास हेतु केंद्र शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना पी एम श्री स्कूल योजना के तहत चयनित स्थानीय प्राइमरी स्कूल मैं घटिया निर्माण एवं जमकर हेरा फेरी की जा रही है।

पीएम श्री स्कूल योजना योजना हेतु केंद्र सरकार के द्वारा भारी भरकम राशि दी गई हैअधिकारियों के लिए यह योजना दुधारू गाय के समान प्रतीत हो रही है शाला प्रबंधन समिति व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की लंबी फेहरिस्त बताई जाती है। जबकि विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है दिखावे के लिए पूरे स्कूल परिसर में जमकर पेंटिंग कार्य की गई है। इन मूलभूत सुविधाओं में हेरा फेरी भ्रष्टाचार जमकर किया गया है। शाला प्रबंधन समिति के द्वारा कुछ दिनों पूर्व कहा गया था कि विद्यालय में जल प्रवाहित शौचालय व वाश बेसिन उपलब्ध है जबकि विद्यालय के वास बेसिन का पता ही नहीं है।

विद्यालय के शौचालय निर्माण मैं एक तरह के टाइल्स लगाना चाहिए था इसके विपरीत पैसे बचाने की कवायत में बाजार में टाइल्स दुकान में बचे हुए घटिया क्वालिटी के अलग-अलग रंग व डिजाइन के टाइल्स जोकि बेहद कम दामों में मिलते हैं को बेतरतीब तरीके से लगाकर खाना पूर्ति कर ली गई है। शौचालय में पुरानी बाल्टी और डब्बे रखे हुए हैं विद्यालय परिसर में बने शौचालय में लगभग दो दर्जन से भी अधिक प्रकार के टाइल्स लगे हैं, जिनकी जांच अत्यंत आवश्यक है। इन शौचालय में अधिकांश समय ताला लगा रहता है ताकि लोग देख ना सके विद्यालय समिति द्वारा यह भी कहा गया था कि विद्यालय में सुसज्जित सुगंधित फूल पौधों से सजा प्रांगण और किचन गार्डन है जबकि विद्यालय के सब्जी चिकित्सा किचन गार्डन में सिर्फ जंगली घास फैले हुए हैं विद्यालय समिति के द्वारा दिखावे के लिए दिखावे के लिए विद्यालय के सामने के भाग को सजाया संवारा गया है जबकि पीछे के भाग को यूं ही छोड़ दिया गया है शौचालय के बगल में कचरा का ढेर पड़ा हुआ है विद्यालय प्रांगण में हजारों रूपों की लागत के घटिया रंगों का उपयोग किया गया है वर्तमान के बारिश के मौसम में इसकी सच्चाई सामने आ जाएगी विश्वस्थ सूत्रों के अनुसार विद्यालय द्वारा हजारों रूपों की सामग्री की खरीदी की गई है। जिसमें निविदा शर्तों का पालन नहीं किया गया है मनमाने तरीके से बाजार भाव से काफी ऊंची दर पर अपने खास लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति किए जा रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर शासन के पैसों का दुरुपयोग नहीं होने देंगे।



### रांची से चिरमिरी आ रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त। बस में सवार थे यात्री

**कोरिया बैकुंठपुर।** रांची से चिरमिरी चिरमिरि लौट रही यात्री बस का बुधवार की सुबह एक्सीडेंट हो गया। घटना सवेरे लगभग 5ः00 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बस क्रमांक सीजी 15 द्ध 1141 यात्रियों को लेकर रांची से चिरमिरी जा रही है इसी दौरान सवेरे 5ः00 बजे ड्राइवर को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने दुकानों से जा टकराई। बस में सड़क के दोनों और के दुकानों को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर की आवाज सुनकर यात्री भी घबरा गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। वही बस की यात्रियों को घर तक पहुंचाने के लिए पटना से राजनगर आ रही बस में चढ़ाया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद लोकल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि जिन दुकानों को बस के द्वारा क्षतिग्रस्त किया के पी की मांग कर रहे हैं । जिस जगह पर हादसा हुआ उससे कुछ ही दूरी पर नदी पुल स्थित है गनीमत रही की बस आसपास दुर्घटनाग्र सेंट नहीं तो काफी जान माल की हानि होती।

## शतरंज प्रतियोगिता में कोरिया की यशिका ने जीता यंगेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में दो दिवसीय संभागीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ, जिसमें नन्हे शतरंज के उपासक ने अपनी ताकत दिखाई. इस प्रतियोगिता में जिले की यशिका ने अपनी खेल का जलवा बिखेरते हुए यंगेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया।

शतरंज संघ सरगुजा ने दो दिवसीय संभागीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया. खेल एवं युवा कल्याण विभाग और शतरंज संघ सरगुजा द्वारा पहली बार आयोजित संभागीय स्पर्धा में 6 जिलों के विभिन्न वर्गों के कुल 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विश्वविद्यालय बैकुंठपुर की तीसरी कक्षा की छात्रा 9 वर्षीय यशिका ने यंगेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया. वहीं 9 वर्ष गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. खेल और युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त निर्देशन में आयोजित इस



प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ सहित सरगुजा जिले के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. चार आयु वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में 40 हजार की पुरस्कार राशि के अलावा कई पुरस्कार वितरित किए गए।

### मोटर सायकल से गांजा परिवहन करने के मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में दिनांक 25.06.2024 को थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि अम्बिकापुर सुखरी तरफ से एचएफ डिलक्स मोटर सायकल में एक व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु ग्राम राजापुर तरफ आने वाला है। थाना जयनगर पुलिस ने सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु ग्राम राजापुर घेराबंदी लगाया जहां एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 यू डीएफ 9377 में एक व्यक्ति आते दिखा जिसे रूकने का ईशारा करने पर गाड़ी धीरे कर वापस मोड़ने का प्रयास करने लगा जिसे पकड़ा गया। पूछताछ पर उस व्यक्ति ने अपना नाम ओमप्रकाश चौधरी पिता धनसाय उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कोईलार टिकरा, थाना दरिमा, जिला सरगुजा का होना बताया जिसके कब्जे से 1 किलो 725 ग्राम गांजा कीमत 18 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी ओमप्रकाश चौधरी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में नवपदस्थ थाना प्रभारी जयनगर नरेन्द्र सिंह, एसआई सरफराज फिरदौसी, एएसआई वरूण तिवारी, रघुवंश सिंह, सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र एक्का, आरक्षक नीरज झा, सैनिक नोहर सिंह, अकबर व मुजाहिद सक्रिय रहे।

### पुलिस ने ग्राम चौपाल लगाकर नए कानूनों, नशा से दूर रहने सहित अन्य जानकारियों से ग्रामीणों को कराया अवगत

**सूरजपुर।** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, बेहतर पुलिसिंग के साथ ही अच्छी कार्यवाही कर नागरिकों का विश्वास अर्जीत करने, नए कानूनों, नशे की कुरीतियों से लोगों को अवगत कराने और वर्तमान समय में हो रहे धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी देने ग्राम चौपाल का आयोजन करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिपेक्ष्य में सोमवार, 24 जून को चौकी लटोरी पुलिस के द्वारा ग्राम मंजिरा के साप्ताहिक बाजार में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों व युवाओं को नशा से दूर रहने की समझाईश सहित अन्य जानकारियां दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित ग्राम चौपाल में नवपदस्थ चौकी प्रभारी लटोरी विराट विशी के द्वारा ग्रामीणों को आगामी दिनों में लागू होने वाले 3 नए कानूनों, साइबर क्राईम, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए उनकी शिकायत-समस्याएं को जाना। मौजूद ग्रामीणों-युवाओं से चर्चा कर गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली और नशे से दूरी बनाने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताया। ग्रामीणों को कहा कि नशे के धंधे में लिप्त लोगों की सूचना पुलिस को दे ताकि उनके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा सके। ग्रामीणों को अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी।

## अत्यधिक वृक्षारोपण कर जलवायु संतुलित करें: झा

**चर्चा कॉलरी।** कोल मंत्रालय के निर्देश के अनुपालन में एसईसीएल बिलासपुर के सभी क्षेत्रों में दिनांक 16 जून से 30 जून तक स्वछता पकवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तहत जिसके तहत 25 जून को बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत कटकोना सब एरिया के समीप बर्दिया ग्राम में एसईसीएल कंपनी सुरक्षा समिति के माननीय सदस्यों, बी धर्माराव, संजय सिंह, कमलेश शर्मा, इंद्रदेव चौहान, गौरी शंकर प्रसाद , बी एस निषाद एवं बी एन झा महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र की उपस्तिथि में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को कॉटन बैग,डस्टबिन एवं पौधा वितरण किया गया।



इस अवसर पर वहां एकत्रित सभी ग्रामजनों को प्लास्टिक का इस्तेमाल करने से होने वाले दुष्प्रभावों एवम पर्यावरण को होने वाले नुकसान के विषय में समझाया गया साथ ही कॉटन बैग का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए सलाह दी गई। इस दौरान

बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री बी एन झा ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते जलवायु को संतुलित करने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना बेहद जरूरी है अत्यधिक अत्यधिक वृक्षारोपण के माध्यम से जलवायु संतुलित होगा होगा इसके साथ ही उन्होंने जल संसाधनों का उचित प्रयोग करते हुए जलसंरक्षण करने के लिए भी सभी को सचेत किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामवासी जनों ने पूरे उत्साह से समझाई गई बातों को ध्यान से सुना और वितरित किए गए कॉटन बैग एवं डस्टबिन का सही इस्तेमाल करने के साथ साथ पौधे रोपण करके पर्यावरण को बचाने में अपना सहयोग करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई।

### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक 28 एवं 29 जून को

**कोरिया।** राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए लक्ष्य के अनुरूप षिक्षार्थियों एवं स्वंय सेवी षिक्षकों का सर्वे तथा उल्लास पोर्टल में एप के माध्यम से ऑनलाईन एन्ट्री का कार्य 30 जून 2024 तक पूर्ण कराए जाना है। इस संबंध में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड की बैठक 28 जून को 11 बजे जिला पंचायत मंथन कक्ष कोरिया एवं सोनहत विकासखण्ड की बैठक 29 जून को 11 बजे जनपद पंचायत के सभाकक्ष सोनहत में आयोजित की गई है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुढ़ियारी पुलिस ने गोगांव में सरेआम शराब पीते आरोपी नीरज अग्रवाल 38 वर्ष व रोहिणी प्रसाद तिवारी 45 वर्ष कोा गिरफ्तार किया है।

### जिला न्यायाधीश पाण्डेय ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

**कोरिया।** प्रधान जिला न्यायाधीष भीष्म प्रसाद पाण्डेय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आषुतोष चतुर्वेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने आज जिला जेल बैकुण्ठपुर का औचक निरीक्षण किया। जेल में बंदियों को प्राप्त होने वाले अधिकारों एवं सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला न्यायाधीष ने बंदियों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाले चिकित्सीय सुविधा, भोजन के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान जिला जेल में मिली कमियों को दूर करने हेतु प्रधान जिला न्यायाधीष ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देषित किया।

### करंट से युवक की मौत

**रायपुर।** सिलतरा स्थित सोनू मोनू चौक में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक रोहित गुप्ता 30 वर्ष उरकुरा का रहने वाला था। वह सिलतरा स्थित सोनू मोनू चौक में आरोपी प्रकाश मिश्रा के दुकान में काम करता था।

## 1975 का आपातकाल अलोकतांत्रिक और इतिहास का काला अध्याय: मेजर अनिल सिंह

### दंभ से भरी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने संविधान की मर्यादा को किया तार तार,अभिव्यक्ति की आजादी का घोंटा था गला - कृष्ण बिहारी जायसवाल

**बैकुंठपुर कोरिया।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 25 जून को भाजपा कार्यालय बैकुंठपुर में आपातकाल के काला दिवस पर गोष्टी का आयोजन किया गया ।आयोजन के प्रभारी मेजर अनिल सिंह मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे ।गोष्टी के मंच का संचालन जिला महामंत्री पंकज गुप्ता के द्वारा करते हुए प्रभारी मेजर अनिल सिंह का स्वागत परिचय कराया गया ।तत्पश्चात जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के समक्ष गोष्टी पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा की 25 जून 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का वो काला अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपातकाल के दौरान इस देश के आम लोगों को, लोकतंत्र के तमाम स्तंभों को बड़ी यातना से गुजरना पड़ा था ।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी यातना दी गई। जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस की इंदिरा सरकार के अहंकारी दमनकारी करतूत पर रचित 1975 के आपातकाल को बताते हुए कहा की कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अपने पद पर अयोग्य घोषित होने के बाद लोकतंत्र की हत्या करते हुए सारे नियम,कानून और संविधान को दरकिनार करते हुए अपने पद पर बने रहने के लिए सभी राजनैतिक विपक्षी दलों, पत्रकारों, आम नागरिकों को आपातकाल लगा कर जेल में बंद करवा दिया था ।प्रेस संस्थानों में आग लगा दी गई थी ।इस देश के संविधान को क्षत विक्षत करते हुए कानूनों में ऐसे संशोधन किए गए थे जिससे समूचे राष्ट्र का नुकसान था ।जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी ने कहा की 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। जो की स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई। इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया और प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया ।प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया।जो भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि थी । जिसे भारतीय जनता पार्टी और देश हर नागरिक समय समय पर और प्रत्येक वर्ष इस काले अध्याय आपातकाल की बरसी के रूप देश और समाज को अवगत कराते रहेगा और कांग्रेस की ऐसी कुरीतियों से आने वाली पीढ़ी को जागरूक करता जायेगा ।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून, 1975 में भारत पर थोपे आपातकाल के आज 50 साल पूरे हो गए, आपातकाल की 50वीं बरसी पर गोष्टी के प्रभारी मेजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है.लोकतंत्र का काला अध्याय है आपातकाल ,जो प्रतीक है असफलता की कुंठा से उपजे अहंकार और दमन के कुचक्र का । 1975 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया था, तब मां भारती की साहसी संतानों ने ही कड़ा प्रतिरोध किया और यातनाएं सहकर भी लोकतंत्र को पुन: स्थापित किया ऐसे लोकतंत्र लिए समर्पित सभी विभूतियों को मैं शत शत नमन करता हूं । श्री सिंह ने कहा की उन दिनों आपातकाल के दौरान मैंने भी 6 माह की यातनाएं झेला हूं । तत्पश्चात एक कांग्रेसी नेता को जमानत देने पर मुझे भी जमानत मिली मामले के दौरान मैं भी कांग्रेस की कुंठा करतूत और कुरीतियों से बचने 6 माह घर का त्याग किया था । कार्यकर्ताओं के समक्ष आपातकाल के 21 महीनों के एक एक दिन के अत्याचार और क्रूरता षण्यंत्र और साजिश पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा की 25 जून 1975 को तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की संसद सदस्यता के चुनाव को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया गया था. इस पर इंदिरा गांधी बौखला गई और उन्होंने आनन फानन में 25 जून की रात को देश में आपातकाल लगा दिया. यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक लागू रहा. चुनाव रद्द होने के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा नही दी और जबरन आपातकाल लगाकर 2 साल तक सत्ता में बनी रहीं जिसके बाद देश में कांग्रेस की इंदिरा सरकार के विरोध की लहर तेज़ हो गई जिसे देख प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। चुनाव में आपातकाल लागू करने का फ़ैसला कांग्रेस के लिए घातक साबित हुआ। खुद इंदिरा गांधी अपने गढ़ रायबरेली से चुनाव हार गईं। जनता पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। संसद में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 350 से घट कर 153 पर सिमट गई और 30 वर्षों के बाद केंद्र में गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली। नई सरकार ने आपातकाल के दौरान लिए गए फ़ैसलों की जाँच के लिए जांच आयोग गठित की गई। हालाँकि नई सरकार दो साल ही टिक पाई और अंदरूनी अंतर्विरोधों के कारण 1979 में सरकार गिर गई। और इस तरह इंदिरा गाँधी द्वारा देश में लगाया गया आपातकाल भारत के राजनीतिक इतिहास की एक अमित घटना बन गई। गोष्टी में मुख्य रूप से प्रभारी मेजर अनिल सिंह,बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े,जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, शैलेश शिवहरे,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू,नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष राजेश सिंह,जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े,विमलकांत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कामकाज के बाद भी चल रहे एसी में शार्टसर्किट से एसबीआई में लगी आग

## निहारिका शाखा के कर्मियों की लापरवाही, लाइट गुल होने से परेशान रही जनता

**कोरबा।** भारतीय स्टेट बैंक की निहारिका स्थित व्यवसायिक शाखा में रिकार्ड और अन्य सामान जलने से किसी तरह बच गया। बीती मध्य रात्रि को यहां एयर कंडीशनर में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। बैंक में आग लगने की खबर पर अग्निशमन विभाग हरकत में आया और कुछ देर में नियंत्रण कर लिया। आगजनी के असर से एमपी नगर के साथ-साथ आसपास के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। पूरे मामले में बैंक कर्मियों की लापरवाही सामने आई जिसके लिए मौके पर ही नाराज लोगों ने जमकर भड़ास निकाली।

सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंकों में शामिल एसबीआई की निहारिका शाखा घंटाघर चौराहे के पास संचालित है। जहां बीती रात 12 बजे के आसपास आग लगने की यह घटना हुई। खबरों में बताया गया कि एसबीआई बिल्डिंग में शुरुआती काउंटर के पास लगा हुआ एयर कंडीशनर इसके लिए कारण बना जिस पर शार्ट सर्किट हुआ। पता चला कि मंगलवार को सुबह 10 बजे से बैंक का लेनदेन संबंधित कामकाज 5 बजे खत्म हो गया था। अन्य कार्यों के लिए कुछ और समय बैंकिंग स्टाफ लेता है और इसके बाद शटर ऑफ होता है। गर्मी के मौसम को देखते हुए यहां कल सुबह से ही सभी एयर कंडीशनर चालू थे। बताया गया कि बैंक बंद होने के बाद भी इन्हें बंद करना या तो जरूरी नहीं समझा गया या फिर लापरवाह कर्मचारी ऐसा करने से भूल गए। 12 घंटे से भी अधिक समय तक ऑपरेट होने की स्थिति में एयर कंडीशनर पर दबाव पड़ा और उसमें शार्ट सर्किट हो गया। बैंक के मुख्य द्वार के भीतर लगाए गए एयर कंडीशनर में हुई शार्ट सर्किट के कारण यहां आग लग गई। व्यस्त क्षेत्र होने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई और उन्होंने पुलिस के साथ अग्निशमन को खबर किया। कुछ देर में दमकल यहां पहुंचीं और आनन-फानन में आग को विस्तारित होने से रोक लिया। मौके पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बिजली वितरण कंपनी के अमले को भी बुलाया गया जिसने बैंक की लाइन डिस्कनेक्शन करने की कार्यवाही की। पता चला कि आगजनी के चक्कर में लाइन भी ट्रिप हुई और एमपी नगर के साथ-साथ बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आया। लोगों ने इसे लेकर नाराजगी जाहिर की और बैंक के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई।



घटना स्थल पर रात को जुटे लोग - फोटो- पवन

### जवाब देने से बचे अधिकारी

रात में ही यहां पहुंची मीडिया ने बैंक के अधिकारी को इस मामले को लेकर घेरा। उन्होंने शार्ट सर्किट की बात जरूर की लेकिन लापरवाही से जुड़े सवाल पर किनारा कर लिया। दावा किया जा रहा है कि बैंक में मौजूद रिकार्ड और अन्य जरूरी चीजों को आगजनी में कोई खास नुकसान नहीं हुआ है लेकिन अगर आग बुरी तरह से फैलती तो बैंकिंग स्टाफ का मुश्किल में पड़ना तय था।

### ट्रिपर नहीं लगाया बैंक में

विद्युत संसाधनों को दुर्घटना से बचाने के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों और प्रतिष्ठानों में ट्रिपर लगाए जाते हैं। इस उपकरण की स्थापना से आपात स्थिति में तुरंत संभावित अनहोनी को ब्रेक किया जा सकता है लेकिन निहारिका एसबीआई शाखा में इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। वहां बड़ी संख्या में एयर कंडीशनर लगे होने और इनके दबाव के बावजूद ट्रिपर नहीं लगाया गया है। इसे भी घटना की एक वजह माना गया।

## इकाईयों पर छोड़ी गई जिम्मेदारी

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया में सत्यापन को लेकर संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक हुई । जिसमें कहा गया कि प्रबंधन के साथ सभी ईकाईयों में अलग-अलग बैठक होगी और अपने अपने हिसाब से सत्यापन के लिए तारिख तय करेंगे। समिति के सदस्य गोपाल नारायण सिंह, धर्मा राव, दिपेश मिश्रा, ए.विश्वास, सुरेन्द्र मिश्रा, अनुप सरकार ने कहा कि 1 जुलाई से लेकर 20 जुलाई तक सत्यापन कार्य होना है। इसके लिए सभी ईकाईयों में अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। गेवरा में भी संयुक्त सलहकार समिति की बैठक हुई थी। सत्यापन का तारिख तय कर लिया गया है। अब कुसमुंडा एरिया में बैठक का इंतजार किया जा रहा है। पूरे एसईसीएल में सत्यापन कार्य होना है। संचालन समिति की बैठक में सत्यापन को लेकर चर्चा हो हुई थी।

## आकाश के राष्ट्रीय समन्वयक बनने पर हर्ष

**कोरबा।** बसपा के जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने युवा नेता आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक बनाया है। इसके बाद से बसपा कार्यकर्ताओं ने व्यापक हर्ष है जिला महामंत्री सत्यजीत कुर्रे, मनोज हिरवानी, मुलचंद आजाद, राजकुमार नारंगे,ने कहा है कि आकाश आनंद के बनने से संगठन और मजबूत होगा।

## वेलफेयर कमेटी सदस्य तैयारी में जुटे

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया वेलफेयर कमेटी के सदस्य कल मानिकपुर जाएगें । इनके साथ ईकाईवेलफेयर कमेटी के यसदस्य मिनीलाल साहू, डी रविन्द्र, रामलाल साहू, मनी खुटे, भैरव प्रजापति सहित अन्य सदस्य रहेगें। यह सभी सदस्य एरिया समिति के कई मोहल्लों में ले जाने की तैयारी कर रहे है। ताकि उन्हें सफाई एवं गंदगी को बताया जा सके। मानिकपुर कालोनी में सफाई की समस्या को लेकर लोक परेशान है। यहां के नागरिक लगातार सफाई के मांग करते रहे है। अधिकारियों के सामने भी इस मुद्दो को कई बार उठाया गया है। एरिया समिति के सुभाष सिंह ,शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य सदस्य साथ रहेंगे।

## नए छात्रों का स्वागत

**कोरबा।** आज करतला हाई स्कूल में नए छात्रों के प्रवेश करने पर भाजपा नेता आकाश सक्सेना एवं स्कूल के शिक्षिको ने तिलक लगातार स्वागत किया यह कार्यक्रम कई स्कूलों में आयोजित किया गया।

## अधिकारियों का किया घेराव



**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा के भूविस्थापितों ने रोजगार एकता संघ के बैनर तले एसईसीएल मुख्यालय से आए पर्यावरण एवं अन्य अधिकारियों का घेराव किया और रोजगार देने की मांग उनके समक्ष रखी। जिस पर अधिकारियों ने वन टाइम सेटलमेंट के तहत रोजगार देने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद भूविस्थापित अपना प्रदर्शन समाप्त किये। मंगलवार की शाम मेगा परियोजना कुसमुंडा खदान का निरीक्षण करने बिलासपुर मुख्यालय से पर्यावरण प्रमुख व अन्य अधिकारी पहुंचे थे। खदान का निरीक्षण करने के बाद देर शाम स्थानीय अधिकारियों की बैठक लेने एरिया मुख्यालय आए, जहां उन्हें भूविस्थापितों के विरोध का सामना करना पड़ा।

## थानेदार के आवास से 40 हजार की चोरी

**कोरबा।** बालकोनगर के डी/26 सेक्टर-1 में चोरों ने धावा बोलकर 40 हजार के सामानों की चोरी कर ली। इस आवास को सनत सोनवानी का बताया जा रहा है जो वर्तमान में बीजापुर में पदस्थ हैं। कभी-कभार वे यहां आते हैं। ज्योति सोनवानी 23 जून को बच्चों के साथ कुसमुंडा गई थी। अगले दिवस लौटने पर मालूम चला कि आवास का दरवाजा खुला है। चोरों ने यहां पीछे का दरवाजा तोड़कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत पर 457, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रोजगार के लिए भटक रहे भूविस्थापित अब मुख्यालय में 28 को करेंगे प्रदर्शन

**कोरबा।** कोयला उत्खनन के लिए अपने पुरखों की जमीन देने वाले किसान दशकों से अर्जित भूमि के एवज में रोजगार पाने यहां-वहां भटक रहे हैं। कोरबा परियोजना महाप्रबंधक के अंतर्गत सरायपाली बुड़बुड़ खदान के लिए जमीन देने वाले किसान भी इसमें शामिल हैं। इस परियोजना के पीड़ित किसानों ने विवश होकर 28 जून को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर का समस्या निराकरण होते तक गेट बंद करने की चेतावनी मुख्यालय को दे दी है।

सीएमडी के नाम प्रेषित ज्ञापन में भू-विस्थापितों ने बताया कि इस परियोजना के लिए प्रथम चरण में 550 एकड़ भूमि एलए एक्ट के तहत अधिग्रहित की गई थी जिसका अवार्ड 2007 में किया गया है। अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान महाप्रबंधक कोरबा ने लिखित में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा को पत्र प्रेषित कर जानकारी उपलब्ध कराया था कि अर्जित की जाने वाली भूमि के एवज में किसानों को मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के तहत रोजगार दिया जाएगा। ग्रामीण इस बात से आश्वस्त थे, कि हमें मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाएगा। प्रबंधन के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति के तहत पात्र व्यक्तियों को पात्रता प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया था।

बताया गया कि तत्कालीन जिलाधीश रजत कुमार ने क्षेत्रीय विधायक अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रबंधन एवं ग्रामिणों की उपस्थिति में मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत शीघ्र रोजगार प्रदान करने एवं दूसरे दिन से शिविर लगाकर नामांकन जमा लेने हेतु आदेशित किया था। आदेश के अनुरूप ग्रामीणों ने रोजगार नामांकन जमा किया जिसका रोजगार सत्यापन पूर्ण होने के बाद एकाएक मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के स्थान पर कोल इंडिया पॉलिसी 2012 के अनुसार रोजगार देना प्रारंभ कर दिया। रोजगार नीति को अचानक बदलने से ग्रामीण हैरान एवं दुखी हो गए। तत्काल जिलाधीश से आपत्ति दर्ज कराई, परंतु कार्यवाही नहीं होने से रोजगार सत्यापन पूर्ण होने के बाद रोजगार के लिए भटक रहे हैं।प्रभावितों हेमलाल, परमेश्वर कुमार, जेठिया भाई, बचन बाई, अनिलिका बाई, उषा बाई, अनिता, पूजा ने बताया कि एसईसीएल की अन्य परियोजना आमाडांड, निम्हा, कुहका में भी इसी तरह ग्रामीणों के साथ छल किया गया था। ग्रामीणों के द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर मध्यप्रदेश मे रिट पिटीशन 7968/2009 कोमल केवट विरूद्ध कोल इंडिया लिमिटेड एवं अन्य दायर किया गया था। कोर्ट की शरण में जाने के बाद ग्रामीणों को न्याय मिल गया। बुड़बुड़ सरायपाली के ग्रामीणों ने आवेदन निवेदन करने के उपरांत भी 9-10 वर्षों से भटक रहे हैं। रोजगार के लिए 28 जून को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर का गेट जाम करने ज्ञापन दिए हैं। इस दिन पीड़ित ग्रामीण पूरे परिवार के साथ आंदोलन में बैठेंगे। ग्रामीण रोजगार के लिए आर-पार की लड़ाई लडने के लिए कमर कस लिए हैं।

# नए टीपी नगर की जमीन का सीमांकन फिर टला

**कोरबा।** कई कारणों से बरबसपुर में नए ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना के लिए प्रक्रियाएं होना हैं। मौके पर प्रस्तावित सीमांकन की प्रक्रिया जो आज होनी थी, उसे दो दिन के लिए टाल दिया गया है। प्रशासन, राजस्व और निगम के अधिकारी इनमें शामिल हैं। इनकी उपस्थिति में सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करायी जाएगी।

खबरों के मुताबिक 72 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल जमीन को नवीन ट्रांसपोर्ट नगर के रूप में विकसित करना है। निगम क्षेत्र के बरबसपुर को इसके लिए चयनित किया गया है, जहां पर जमीन की तलाश पिछले वर्षों में की गई। तकनीकि और वित्तीय पेंच इस मामले में लगातार सामने आते रहे। जमीन की खरीदी बिक्री को लेकर भी मामले ने विवाद पकड़ा। जानकारी मिली है कि अब एक बार फिर कदम बढ़ाए गए हैं। उक्तानुसार चयनित जमीन का सीमांकन कराया जाना है। इसके लिए प्रशासन ने टीम बना दी है। उसे इस काम को आज करना था लेकिन अधिकारी के अवकाश पर होने और अन्य कारण से सीमांकन की प्रक्रिया को टाल दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि जिस इलाके में ट्रासंपोर्ट नगर स्थापित करना है, उस क्षेत्र में दो-तीन लोगों की निजी जमीन होने का दावा किया जा रहा है। इसे लेकर मामला उलझा हुआ है। संबंधितों के आवेदन और आपत्ति का निस्तारण करना व्यवहारिक दृष्टिकोण से जरूरी है। सीमांकन इसलिए कराया जाना है ताकि मसला हल हो और इस तरफ आगे बढ़ा जा सके। याद रहे कोरबा को शहरी क्षेत्र में शामिल करने के बाद बीते दशकों में ट्रासंपोर्ट नगर की बसाहट मुख्य शहर में की गई। यहां रिहायसी क्षेत्र भी है ऐसे में ट्रांसपोर्ट संबंधित नियमित गतिविधियों के कारण कई प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है। जाम लगने से लेकर ध्वनि प्रदूषण ने लोगों को परेशान किया है। ज्वलंत मुद्दा बताकर इस संरचना को हटाने की मांग बीते वर्षों में तेज हुई। जिस पर विचार मंथन के साथ प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया गया और उसे आगे परवान चढ़ाने की कोशिश की गई।

## शिकार नहीं फंसा, युवक की करंट लगने से हो गई मौत

**कोरबा।** जंगली जानवर को मारने के इरादे से बिछाए गए करंट ने गांव के एक युवक की ही जान ले ली। उसका शव मौके पर मिला। उरगा थाना क्षेत्र के कचोरा गांव में यह घटना हुई। खबर मिलने के बाद इलाके में हड़कंप है।

जानकारी मिली कि इस घटना में 23 वर्ष के गणेश कंवर की मौत हो गई। बताया गया कि कचोरा क्षेत्र के जंगल में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने के इरादे से एक स्थान से होकर विद्युत प्रवाहित तार बिछाया गया था ताकि संपर्क में आने से काम हो सके। इस क्षेत्र में जंगली सुअर का आना तो नहीं हुआ लेकिन असावधानीवश तार पर पैर पड़ने से गणेश कंवर की मौत हो गई। इस मामले की सूचना मिलने पर परिजन हरकत में आए। जीवन की आस में पीड़ित को सक्ती ले जाया गया लेकिन यह प्रयास नाकाम रहा। खास बात यह है कि जंगल इलाके में हुई घटना को लेकर वन विभाग को किसी प्रकार की जानकारी नहीं है। इससे पता चलता है कि मैदानी अमला किस प्रकार से काम कर रहा है।

## मनोज शर्मा संयोजक नियुक्त

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। मोदी सरकार जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर देश के मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपना समर्थन व विश्वास जताया है। मतदाताओं के सम्मान में पार्टी 27 जून से 14 जुलाई तक विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस हेतु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित करने हेतु लोकसभावार संयोजकों की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कड़ी में कोरबा लोकसभा के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोज शर्मा ने इसके लिए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## मुख्यालय को नए रायपुर ले जाने पर विरोध

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ ने विद्युतमंडल मुख्यालय को नए रायपुर ले जाने का विरोध किया है । इस संबंध में प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ ने बताया कि अगर मुख्यालय को नए रायपुर ले जाया जाता है तो बजट और अधिक बढ़ जाएगा। कम लागत में वर्तमान स्थान पर काम हो रहा है।

नमः शिवाय ॐ
मकान बेचना है
कोसाबाड़ी में 2400 स्क्वायर फीट प्लाट में डबल स्टोरी मकान बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606

## गुरुद्वारा के लिए जमीन आवंटन की रखी मांग



**कोरबा।** कोरबा अंचल में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिवहन नगर ने गुरुद्वारा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जमीन आवंटन की मांग की है।

सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कोरबा विधायक व प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि सिख समाज की मांग को मुख्यमंत्री ने गंभीरता पूर्वक सुना और समाज की मांग को पूरा करने उचित पहल का भरोसा दिलाया है। प्रतिनिधि मंडल में जतिंदर सिंह, परविंदर सिंह भाटिया, सुखविंदर सिंह, सतविंदर पाल सिंह, देवेंदर सिंह, रविपाल सिंह, अमरजीत सिंह भाटिया, सतबीर सिंह, अमरदीप विर्क आदि मौजूद रहे।

## सदस्य बढ़ाने नए चेहरों का मौका

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा मेंक श्रमिक संगठन सदस्य बढ़ाने के लिए नए चेहरों को मौका दे रहे है। एसईकेएमसी ने राहुल मिश्रा को गोपाल यादव को डीके मिश्रा के अनुशंसा पर एरिया सेफ्टी सदस्य बनाया है। श्री मिश्रा काफी दिनों से संगठन का काम कर रहे है। सत्यापन के दौरान राहुल मिश्रा के अनुभव का लाभ जरूर मिलेगा। इसके पहले एचएमएस के रेशम लाल यादव ने अनुज राम यादव का मकशुद को जिम्मेदारी देते हुए खाली पदो पर नए लोगों को मौका दिया है।

# संदिग्ध तत्वों पर कड़ी नजर पुलिस ने चलाया अभियान

### 31 मामलों में दर्ज की गई मुसाफिरी

**कोरबा।** अपराध नियंत्रण को लकर अलग-अलग तरीके से पुलिस काम कर रही है। कई टीमों को निर्देशित करने के साथ ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। लगातार अपडेट्स भी लिये जा रहे हैं और उस पर काम किया जा रहा है। फिलहाल संदिग्ध तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर है। उसने इस इलाके से सघन अभियान शुरू किया है। कई केंद्रों को इस दृष्टिकोण से केंद्रित किया गया।

बताया गया कि होटल, लॉज और ढाबों पर विशेष निगरानी की जा रही है। रात्रि को पुलिस की टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में विजिट किया। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश और एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान के मार्गदर्शन में टीमों ने अपनी भूमिका निभाई। विभिन्न इलाकों में टीमों की उपस्थिति दर्ज हुई। मुख्यालय के द्वारा जारी बिंदुओं के अंतर्गत इस कड़ी में संबंधित प्रक्रियाओं को किया गया। मौके पर पहुंचने वालों के बारे में जानकारी ली गई। पुलिस ने इस अभियान को जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में क्रियान्वित किया है। इस पर लगातार काम करना है। पुलिस ने संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच करने के साथ घूम-घूमकर सामान फेरी करने वाले, सड़क किनारे जड़ी-बूटी, खिलौना बेचने और गैस रिपेयर करने वालों को थाना बुलाकर उनकी गतिविधियों और वास्तविक पते की जानकारी ली। एक दिवसीय अभियान में 31 मुसाफिरी दर्ज की गई जबकि इस वर्ष अब तक 2021 लोगों को चेक किया गया। 604 किराएदारों की पुष्टि की गई। वहीं संदिग्ध 2086 लोगों की चेकिंग की गई है। 42 कदाचारी (बीसी रोड) भी शामिल हैं।



### होटल, लॉज संचालकों को दी गई नसीहत

पुलिस ने होटल और लॉज संचालकों को साफ तौर पर कहा है कि उनके यहां रूकने वाले लोगों की सूची बनाकर थाना में विधिवत तरीके से दी जाए। उन्हें लगता है कि कोई संदिग्ध व्यक्ति वहां पर रूका हुआ है तो इस बारे में तुरंत पुलिस को अवगत कराएं। लापरवाही बरतने पर एक्शन होगा। इसलिए सभी को इस विषय पर सचेत रहने की जरूरत है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com